# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 10 जून 2024




# ALLEN ONLINE PROGRAMS

## JEE (ADV.) 2024 RESULTS

## सिर्फ आसमान नहीं, उसका लक्ष्य तो तारों तक पहुंचना है...

### मिलिए हमारे JEE चैंपियन, अविक दास से।

पश्चिम बंगाल के एक छोटे से शहर अलीपुरद्वार के अविक का एस्ट्रोफिजिक्स के प्रति लगाव उनके दादा से प्रेरित होकर शुरू हुआ। उन्होनें अविक में विज्ञान के प्रति जुनून पैदा किया।

अविक को मालूम था कि एस्ट्रोफिज़िसिस्ट बनने के लिए JEE में श्रेष्ठ प्रदर्शन करना जरूरी है।

अविक ने ALLEN Online Programs से जुड़कर घर पर JEE की तैयारी के साथ NEET की तैयारी भी प्रारंभ की। जल्द ही उसे लगने लगा कि लाइव क्लासेज, टीचर्स का मार्गदर्शन और ALLEN App पर स्टडी टूल्स उसे उसके सपनों के करीब ले जा रहे हैं।

ये प्रसन्नता की बात है कि उन्होनें NEET (UG) 2024 में 720 में से 705 अंक प्राप्त करने के साथ वेस्ट बंगाल स्टेट बोर्ड में 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है।

हमें गर्व है कि अविक ALLEN परिवार का सदस्य है।




Scan the QR code to watch Avik Das talk about his incredibly inspirational journey.

**AVIK DAS**
Live Online ClassroomProgram

| JEE ADV. 2024 | NEET(UG) 2024 |
|---|---|
| AIR 69 | 705/720 |

## ALLEN ONLINE के छात्र घर से पढ़ाई करते हुए टॉप IITs में दाखिला पा रहे हैं!

ALLEN JEE ADV.2024 Results Certified by EY (Official result validator, Building a better working world)

**14 Students in top 500 AIR**




**Pranav Pramod Patil**
Online Test Series





**Mayukh Chowdhury**
Live Online Classroom Program




**Garv Chaudha**
Live Online Classroom Program

And Counting...




### Give your prep the ALLEN App Advantage

- Interactive LIVE classes with top Kota faculty
- Customised practice quizzes
- 24/7 doubt resolution
- Personalised improvement plan
- Regular mentorship and guidance

1 in every 2 ALLEN app students qualified for JEE (Adv) '24

### Online Test Series with Smart Practice Features

- AIR benchmarking
- Follow the latest exam pattern & syllabus
- Curated 5,000+ practice questions
- Personalised study tools on the ALLEN app

Starting at ₹3,999

**ALLEN**
+91-9513736499
www.allen.in

Join Online Programs for **JEE & NEET Repeaters.**
Batches starting from June 17
Get up to 90% scholarship based on your JEE & NEET score

Hurry! Admissions open. Scan code to enrol.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. EY has examined and validated ALLEN's method for identifying eligible students who have enrolled in their paid programs.

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी


- अदाणी संग शाहरुख, अनंत अंबानी से मिले अक्षय, बैठी दिखीं रवीना
- चार बार सीएम और 6 बार सांसद, कैबिनेट में शिवराज सिंह चौहान की एंट्री



भीतर भी देखें...


## 30 कैबिनेट मंत्री

- राजनाथ सिंह
- अमित शाह
- नितिन गडकरी
- जेपी नड्डा
- शिवराज सिंह चौहान
- निर्मला सीतारमण
- एस. जयशंकर
- मनोहर लाल खट्टर
- एच. डी. कुमारस्वामी
- पीयूष गोयल
- धर्मेंद्र प्रधान
- जीतनराम मांझी
- सर्बानंद सोनोवाल
- राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह
- डॉक्टर वीरेंद्र कुमार
- राम मोहन नायडू
- प्रह्लाद जोशी
- जुएल ओरांव
- गिरिराज सिंह
- अश्विनी वैष्णव
- ज्योतिरादित्य सिंधिया
- भूपेंद्र यादव
- गजेंद्र सिंह शेखावत
- अन्नपूर्णा देवी
- किरण रिजिजू
- हरदीप पुरी
- मनसुख मांडविया
- जी किशन रेड्डी
- चिराग पासवान
- सीआर पाटिल

## 5 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार

- राव इंद्रजीत सिंह
- जितेंद्र सिंह
- अर्जुन राम मेघवाल
- प्रतापराव गणपत राव जाधव
- जयंत चौधरी

*18वीं लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने रविवार को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यहां राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही मोदी ने लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने के देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।*

### शाह-राजनाथ-जयशंकर और निर्मला को फिर मंत्रिमंडल में जगह

### नड्डा ने पांच साल बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में वापसी की

# मोदी फिर 'प्रधान'

# संभाली देश की कमान



### सबसे कम उम्र के मंत्री राम मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, जे पी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, एस जयशंकर, मनोहर लाल खट्टर, पीयूष गोयल सहित कई अन्य नेताओं ने भी मंत्री पद की शपथ ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने पांच साल बाद ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में वापसी की है। शपथ ग्रहण के दौरान मोदी-मोदी के नारे लगे। मोदी 2014 में लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 17वीं लोकसभा के चुनाव में भारी बहुमत से जीत के बाद वह लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। नेहरू 1947 से स्वतंत्रता के बाद से सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुई थी और वह उस समय भी देश के प्रधानमंत्री थे। साल 1952 में हुए पहले आम चुनाव में जीत के बाद वह पहली बार प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए थे। इसके बाद 1957 और 1962 के आम चुनावों में भी कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नेहरू फिर देश के प्रधानमंत्री बने। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत हासिल नहीं कर पाई है। उसे 240 सीटें मिली हैं। हालांकि, भाजपा नीत राजग ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े ▶▶| शेष पेज 2 पर



### साय बोले- मोदी की तीसरी पारी में भारत बनेगा विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ ग्रहण के बाद पत्रकारों संग चर्चा करते हुए कहा, विकसित भारत की संकल्पना को साकार ▶▶| शेष पेज 2 पर

### केरल से इतिहास के एकमात्र भाजपा सांसद भी मंत्री

केरल से भाजपा के पहले सांसद सुरेश गोपी को भी राज्यमंत्री पद दिया गया है। गोपी केरल के इतिहास में एकमात्र भाजपा सांसद हैं। गोपी की ख्याति मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महानायक अमिताभ बच्चन जैसी है। उनके अलावा तमिलनाडु से निर्वाचित एल मुरुगन को दोबारा राज्य मंत्री के रूप में मौका दिया गया है।

### ये विदेशी मेहमान भी रहे मौजूद

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने समारोह में हिस्सा लिया।



## 36 राज्यमंत्री

- जितिन प्रसाद
- पंकज चौधरी
- अनुप्रिया पटेल
- एसपी सिंह बघेल
- कीर्तिवर्धन सिंह
- बीएल वर्मा
- कमलेश पासवान
- रामनाथ ठाकुर
- नित्यानंद राय
- सतीश दुबे
- राजभूषण चौधरी
- नीमूबेन बमभानिया
- रामदास अठावले
- रक्षा खड़से
- मुरलीधर मोहोल
- एल मुरुगन
- दुर्गादास उइके
- सवित्री ठाकुर
- वी सोमन्ना
- शोभा करांदलाजे
- कृष्णपाल गुर्जर
- चंद्रशेखर पेम्मासानी
- भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा
- भागीरथ चौधरी
- संजय सेठ
- बंडी संजय कुमार
- श्रीपद यशो नाइक
- शांतनु ठाकुर
- सुकांता मजूमदार
- सुरेश गोपी
- अजय टम्टा
- रवनीत सिंह बिट्टू
- तोखन साहू
- हर्ष मल्होत्रा
- जार्ज कुरियन
- पबित्रा मार्गेरिटा

## पंच से केंद्रीय मंत्री तक किया सफर

# छत्तीसगढ़ से सांसद तोखन को मिली मंत्रिमंडल में जगह



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ से बिलासपुर सांसद तोखन साहू को जगह मिली है। शपथ ग्रहण से पहले उनके पास पीएमओ से काल आया और बताया गया कि शाम को उन्हें शपथ लेना है। बिलासपुर से भाजपा के सांसद चुने गए तोखन साहू छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने पंच से सांसद तक का सफर तय किया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने बिलासपुर सीट से कांग्रेस के देवेन्द्र यादव को एक लाख 64 हजार वोट से हराया है। सांसद साहू के केंद्रीय मंत्री बनने की खबर से मुंगेली, लोरमी में खुशी की लहर दौड़ गई है। बिलासपुर सहित पूरे संसदीय क्षेत्र में पटाखे बांटकर ▶▶| शेष पेज 2 पर

### बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं तोखन साहू

### इसलिए मिला मंत्री पद

छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के बाद सबसे ज्यादा जनसंख्या साहू समाज की है। प्रदेश में करीब साढ़े पांच लाख से ज्यादा साहू समाज की जनसंख्या है। इसी समाज को साधने के लिए भाजपा और एनडीए की सरकार में तोखन साहू को केंद्रीय मंत्री बनाया जा रहा है। तोखन की किसानों के बीच अच्छी पैठ है। वे जमीनी नेता माने जाते हैं।

### सबको साथ लेकर करेंगे विकास कार्य- तोखन साहू

हरिभूमि से बात करते हुए सांसद तोखन साहू ने कहा कि बिलासपुर-मुंगेली-मंडला रेल लाइन के बारे में गंभीरता से बात की जाएगी। यह रेल लाइन बननी ही चाहिए। श्री साहू ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही सबका साथ सबका विकास की बात कहती है। इसी लाइन पर काम होगा। सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। हर किसी का जीवन स्तर ऊपर उठे इसके लिए भाजपा सरकार काम कर रही ▶▶| शेष पेज 2 पर

# हर चुनाव में भाजपा को 90 फीसदी सीटें फिर भी कैबिनेट मंत्री के लिए तरस रहा छत्तीसगढ़

- हर बार छत्तीसगढ़ को राज्यमंत्री ही मिले, इस बार भी तोखन साहू कैबिनेट मंत्री नहीं
- यूपीए सरकार में भी चरणदास महंत राज्यमंत्री बनाए गए थे, परिपाटी नहीं बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि तत्काल

मध्यप्रदेश से अलग होकर राज्य बने छत्तीसगढ़ एक कैबिनेट मंत्री पाने के लिए तरस गया है। वह भी तब जब प्रदेश गठन के बाद हुए सभी लोकसभा चुनावों में छत्तीसगढ़ के लोगों ने भाजपा को नब्बे फीसदी सीटें जीतकर दी हैं। इस बार भी 11 में से 10 सीटें भाजपा की झोली में डाली हैं।लेकिन तीसरी बार बनी मोदी सरकार में केवल एक सांसद को कैबिनेट ▶▶| शेष पेज 2 पर



### प्रदेश गठन के बाद सभी राज्यमंत्री

भाजपा नेतृत्व वाली सरकारों में छत्तीसगढ़ को कैबिनेट में शामिल जरूर किया जाता रहा है लेकिन राज्यमंत्री के तौर पर ही जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. रमन सिंह, रमेश बैस, और दिलीप सिंह जुदेव ▶▶| शेष पेज 2 पर

### कई दिग्गजों के नाम थे शामिल

वर्तमान लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ से कई दिग्गज जीतकर दिल्ली पहुंचे हैं। बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, और संतोष पांडेय के नाम कैबिनेट मंत्री के तौर ▶▶| शेष पेज 2 पर


INSTITUTE OF PUBLIC ENTERPRISE
Estd : 1964
(Under the aegis of ICSSR, MoE, GoI)
Hyderabad
INDIA'S PREMIER B-SCHOOL
60 YEARS OF EXCELLENCE SINCE 1964

TRANSFORMING STUDENTS INTO GLOBAL BUSINESS LEADERS
PGDM ADMISSIONS OPEN
AICTE Approved Programmes Offered
- PGDM – POST GRADUATE DIPLOMA IN MANAGEMENT*
- PGDM – MARKETING MANAGEMENT*
- PGDM – BANKING AND FINANCIAL SERVICES*
- PGDM – INTERNATIONAL BUSINESS*
- PGDM – HUMAN RESOURCE MANAGEMENT*
- PGDM – BUSINESS ANALYTICS

* Programmes granted MBA equivalence by AIU

More than ₹One Crore Merit Scholarships per Annum
Highest CTC 24.75 Lakhs

Qualifying Exams:
CAT / XAT / GMAT / MAT / CMAT / ATMA
For details visit www.ipeindia.org Contact: 9391932129 / 9154709139
Toll free: 1800-120-4473 Email: admissions@ipeindia.org
South Asian Quality Assurance System | Member of EUROPEAN FOUNDATION FOR MANAGEMENT DEVELOPMENT | AACSB Business Education Alliance Member | Center of Excellence under the aegis of ICSSR | NBA | nirf





HONDA
Honda Summer Bonanza
1st June - 30th June, 2024
Buy a Honda Car and stand a chance to win couple trip^ to PARIS
Assured gifts up to ₹ 75 000^
Surprise gift with every test drive

Honda Amaze Benefits up to ₹76 000#
Honda City e:HEV Benefits up to ₹65 000#
Honda Elevate Benefits up to ₹55 000#
Honda City Benefits up to ₹88 000#

Models available through GeM & CSD. T&C Apply. For more information contact your nearest Honda dealership today.

Honda SENSING* INTELLIGENT ADAS TECHNOLOGY | 10 YEAR ANYTIME WARRANTY | Honda Auto Terrace | Honda ProCARE CUSTOMER SERVICE | 8 YEAR WARRANTY LITHIUM ION BATTERY | SEAT BELTS FOR ALL SAFETY FOR ALL | Scan now to Book or Buy Honda From Home

^T&C Apply. Campaign benefits may differ in some states based on state-wise regulations. Eligible customer shall be entitled to avail the 'Gift' upon fulfilment of the terms and conditions mentioned on scheme coupon. Offer not valid for channel partners (dealers, sales executives, dealership and employees of Honda Cars India Limited ("HCIL"). Gift/ Prize cannot be substituted, exchanged, enchased or transferred. HCIL reserve the rights to change or withdraw or extend the offer without any prior notice. #Benefits available for limited period on select model, edition and in select cities. Stock without benefits is also available. Images and depictions shown above are computer generated/enhanced for illustrative and representational purpose only. Actual colour, feature and any other specification as shown may not be part of standard fitment and may differ from actual product. Appearance of black shade on glass of vehicle is due to lighting effect. All colours, features and specifications are grade specific and subject to change without prior notice. *Standard warranty on lithium-ion battery is 8 years/1 60 000 kms (whichever is earlier from the date of first sale of new car). ^10 year Anytime Warranty is extendable up to the maximum age of 10 years/1 20 000 kilometers by renewing every year and is applicable from the date of purchase of car. *Honda SENSING is Honda's exclusive Advanced Driver Assistance System (ADAS) and available in select models/variants only. Honda SENSING cannot substitute human acumen and vigilance. Honda Cars India Limited urges drivers to follow traffic rules which are meant to keep them safe on roads. For more information, please visit our authorized Honda car dealership or www.hondacarindia.com. For corporate sales enquiry please write to corporatesales@hondacarindia.com

Shubh Honda
Ring Road No. 1 Near, Raipura Chowk, Raipur Mob.: 6262030638
Great Eastern Road, Near Telebandha Square, Raipur Mob.: 9109130951, 9522204051
Bhilai to Rajnandgon, By Pass Road, Near Bafna Toll Plaza Sikola, Bhilai Mob.: 8657589095

## चिंतन

# पीएम मोदी 3.0 कैबिनेट में समावेशी भारत की झलक

भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी अपनी तीसरी पारी का आगाज कर चुके हैं। लगातार तीसरी बार पीएम बन कर नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के रिकार्ड की बराबरी कर ली है। पीएम मोदी के साथ करीब 65 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। मोदी कैबिनेट में शामिल चेहरों के चयन में योग्यता, अनुभव के साथ सामाजिक भागीदारी का ध्यान रखा गया है। कैबिनेट में जहां 20 से अधिक पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे नेताओं को फिर से मौका मिला है, वहीं कई नए चेहरों को भी शामिल किया है। शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, जीतनराम मांझी, चिराग पासवान जैसे कई नेता पहली बार मंत्री बने हैं। मंत्रिमंडल में चुनावी राज्यों का खास ध्यान रखा गया है। हरियाणा में पांच सांसदों में से तीन नेता मंत्री बनाए गए हैं। महाराष्ट्र से आठ और झारखंड से दो मंत्री बनाए गए हैं। इसी वर्ष जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, जैसा कि सरकार की ओर से पूर्व में संकेत दिया गया है, सितंबर या अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। इसलिए जम्मू-कश्मीर से भाजपा के दोनों सांसदों को मंत्री बनाया गया है। वर्ष 2025 के शुरू में ही दिल्ली और बिहार में चुनाव होने हैं, इसलिए इस कैबिनेट में बिहार से आठ तो दिल्ली से दो नेता मंत्री बनाए गए हैं। मोदी कैबिनेट में राजग के सभी सहयोगियों को उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। जदयू, टीडीपी, जदएस, एलजीपी (रामविलास), शिवसेना शिंदे, अपना दल, आरपीआई, आजसू आदि सभी छोटे बड़े घटक दलों को राजग मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। पूर्व की तरह इस बार भी मोदी ने अपने कैबिनेट में कुछ अप्रत्याशित चेहरों को शामिल कर चौंकाया है। पंजाब से चुनाव हारे रवनीत सिंह बिट्टू और तमिलनाडु से एल मरुगन को मौका दिया गया है। केरल से जीत कर आए सुरेश गोपी को भी मंत्री बनाया गया है। मोदी 3.0 में दक्षिणी राज्यों को साधा गया है। कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु के प्रतिनिधित्व का समावेश किया गया है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के कैबिनेट को समावेशी रूप दिया गया है। चूंकि इस बार भाजपा की यह सरकार अपने दम पर पूर्ण बहुमत की नहीं है, बल्कि राजग को मिले बहुमत की है, इसके बावजूद, उम्मीद जताई जा रही है कि पीएम के रूप में नरेन्द्र मोदी जहां सबको साथ लेकर चलेंगे, वहीं विकास को आगे लेकर जाएंगे, आर्थिक सुधार के नए चरण शुरू करेंगे और अर्थव्यवस्था को नया रूप देंगे। पीएम गरीबी उन्मूलन के लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में कार्यकरते रहेंगे। स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार को गति देंगे। पीएम के शपथग्रहण समारोह में भारत ने अपने पड़ोसियों को आमंत्रित किया, जिसमें नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश, सेशेल्स, मालदीव और मॉरीशस के राष्ट्र प्रतिनिधियों ने शिरकत की है। भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मोदी 3.0 सरकार अपने सभी पड़ोसियों से मैत्रीपूर्ण संबंध रखेगी। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की नीति चीनपरस्त रही है, वे भारत विरोध नारे के साथ सत्ता में आए हैं, इसके बावजूद नरेंद्र मोदी ने अपने शपथग्रहण रूप में मालदीव के राष्ट्रपति को आमंत्रित किया, मालदीव ने इसे स्वीकार भी किया और राष्ट्रपति मुइज्जू आए भी। भारत ने मालदीव को संदेश दिया कि वह अपना पड़ोसी धर्म निभाता रहेगा, चाहे मालदीव की भारत के प्रति जैसी भी सोच हो। भारत ने चीन को भी संदेश दिया कि मोदी सरकार अपने पड़ोसी देशों के साथ प्रगाढ़ दोस्ती कायम रखेगी। पाकिस्तान ने जरूर निराश किया, पाक पीएम ने पीएम मोदी को बधाई तक नहीं दी। उम्मीद है मोदी 3.0 सरकार समावेशी विकास, आर्थिक सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा सहित जनाकांक्षाओं पर खरा उतरेगी।



मोदी 3.0
अखिलेश आर्येंदु

# जन भावनाओं पर खरा उतरने की चुनौती

> पिछली दो पारियों में जिन निर्णयों की वजह से मोदी के मजबूत इरादों से जनता को उनके संकल्पों के बारे में पता चला था, ऐसे निर्णय क्या फिर मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में ले पाएंगे? जिन जन भावनाओं को पूरा करने की चुनौतियां मोदी के सामने अगले पांच साल में होंगी, जिन पर खरा उतरने के साथ सहयोगी दलों की महत्वाकांक्षाओं पर भी खरा उतरने की चुनौती मोदी के सामने होगी, अभी हम कह सकते हैं कि देश हित जिसके लिए सर्वोपरि हो, वह हर चुनौती को भी पार करने का दम रखता है। हां, इतनी राहत की बात जरूर है कि सहयोगी दलों ने मोदी को बिना शर्त समर्थन दिया है उन्होंने निर्णयों में भी साथ देने की बात कही है।

उतार चढ़ाव इस संसार का सबसे बड़ा सच है। इस सच को जो स्वीकारते हुए उचित समय पर सही निर्णय लेने के लिए खुद को बदल लेता है वह कभी हारता नहीं। इस उक्ति को किसी में चरितार्थ देखना हो तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में देखा जा सकता है। नए संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद नरेन्द्र मोदी ने जिस विश्वास और उत्साह से कहा- न हारा था न हारेंगे, वह उनके भावी कदमों और नीतियों का संकेत भर नहीं है बल्कि देशहित में लिए जाने वाले निर्णयों का सूचक भी है। पिछली दो पारियों में जिन निर्णयों की वजह से मोदी के मजबूत इरादों से जनता को उनके संकल्पों के बारे में पता चला था, ऐसे निर्णय क्या फिर मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में ले पाएंगे? जिन जन भावनाओं को पूरा करने की चुनौतियां मोदी के सामने अगले पांच साल में होंगी, जिन पर खरा उतरने के साथ सहयोगी दलों की महत्वाकांक्षाओं पर भी खरा उतरने की चुनौती मोदी के सामने होगी, अभी हम कह सकते हैं कि देश हित जिसके लिए सर्वोपरि हो, वह हर चुनौती को भी पार करने का दम रखता है। हां, इतनी राहत की बात जरूर है कि सहयोगी दलों ने मोदी को बिना शर्त समर्थन ही नहीं दिया है बल्कि पूरे मन से पांच साल तक साथ रहकर देशहित में लिए जाने वाले निर्णयों में भी साथ देने की बात कही है। गठबंधन की सरकार के स्वभाव के अनुरूप यह अच्छा कहा जा सकता है। अभी से यह किसी को नहीं सोचना चाहिए कि कहीं नीतीश कुमार और चन्द्रबाबू नायडू बीच में साथ छोड़कर चले गए तो क्या होगा।

भारतीय लोकतंत्र शुरू से भीड़ तंत्र का समर्थक रहा है। मूल्य आधारित लोकतंत्र की बात कही तो जाती है लेकिन अब राजनीति में मूल्यों की बात करना मूर्खता समझी जाने लगी है, इसलिए मोदी का तीसरा कार्यकाल भीड़ तंत्र की उफनाती भावनाओं को पूरा करने की बहुत बड़ी चुनौती हो सकती है। संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने वाले विपक्ष के आरोपों को झूठ साबित करने के लिए आरक्षण और संविधान की रक्षा के संकल्प के लिए दलितों व पिछड़ों में विश्वास पैदा करने की बड़ी चुनौती है। खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार जहां जाति ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पहचान, गुण और क्षमता मानी जाती है। चूंकि आरक्षण की व्यवस्था संविधान के जरिये हुई है और आजादी के बाद से ही पार्टियों के जीतने हारने का सबसे बड़ा मुद्दा रहा है, इसलिए आरएसएस के हिंदुत्व वाले एजेंडे को छोड़ने और एनडीए के सांझा एजेंडे के मुताबिक कार्य करना होगा। यह मोदी के नेतृत्व की पहली परीक्षा जैसा होगा। पिछले दो कार्यकालों में विपक्ष मजबूत नहीं था। जनता और देशहित में फैसले लेने में कोई खास दिक्कत नहीं आती थी, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। विपक्ष इस बार मजबूत ही नहीं, आक्रामक भी है। सरकार को बदनाम करने की कवायदें खूब होंगी। जातियों को भड़काने और लड़ाने के अवसर ज्यादा तलाश करते हुए कई दल दिखेंगे। इस चुनौती से भी इस सरकार को पार पाना होगा। इस बार विपक्ष ने आरक्षण, संविधान बचाओ के साथ-साथ बेरोजगारी और महंगाई जनता के दिल को छूने वाले मुद्दे चुनाव के वक्त जोर-शोर से उठाए थे। अगड़ा-पिछड़ा का सवाल चुनाव के



वक्त कहीं ज्यादा जोर-शोर से इस बार उठा है। उत्तर प्रदेश और बिहार में अगड़े-पिछड़े की राजनीति पर सरकारें बनती-बिगड़ती रही हैं। वीपी सिंह की सरकार आरक्षण के मुद्दे पर ही चली गई थी, इसलिए आने वाले पांच सालों में इन सभी मुद्दों से निपटना मोदी के लिए कठिन चुनौती हो सकती है। हां, प्रधानमंत्री की कार्यशैली और उनका स्वभाव जिस तरह का है उससे यह कहा जा सकता है कि इस बार वे उन सभी समस्याओं और चुनौतियों का सामना बेहतरीन ढंग से कर पाएंगे, क्योंकि उन्हें पिछले दस साल का अनुभव है। हर व्यक्ति और सरकारें अनुभवों से सीखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस बात को बखूबी स्वीकार करते हैं कि वे देश समाज से हर पल कुछ न कुछ सीखते रहते हैं। पिछले मोदी काल में समान नागरिक संहिता और एनआरसी का मुद्दा अब सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर हल करना होगा। चंद्र बाबू नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। मुसलमानों को वहां पिछली सरकार ने 4 प्रतिशत आरक्षण धर्म के आधार पर दिया था। यह भले ही संविधान के अनुरूप न हो लेकिन चन्द्र बाबू नायडू इसकी समीक्षा कर इसे खत्म करेंगे, लगता नहीं है, क्योंकि आन्ध्र में उनकी सरकार को वोट मुसलमानों ने भी दिया है, तो उस वोट बैंक को नाराज करना वे नहीं चाहेंगे। ऐसे में भाजपा अपनी विचारधारा के खिलाफ और संविधान के खिलाफ इसे स्वीकार करेगी, इस पर कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। विपक्ष ऐसे में अपने सहयोगी दलों को अपने पाले में लाने की कोशिश फिर कर सकता है, इसलिए इस बार मोदी को पहले से कहीं ज्यादा सहयोगियों को साधते-संभालते हुए चलना होगा। किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, रोजगार, कृषि विकास को अहमियत देते हुए भुखमरी, गरीबी और कुपोषण जैसे तमाम समस्याओं को खत्म करने के लिए कहीं तेज प्रयास करने होंगे।

इसी साल महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड की विधान सभाओं के चुनाव होने हैं। मोदी के कार्य और लोकप्रियता की एक और परीक्षा इन राज्यों के चुनाव में भी परखी जाएगी, इसलिए इन राज्यों के राजनीतिक समीकरण को साधना एक चुनौती होगी। अग्निवीर योजना की एनडीए के सहयोगी दल समीक्षा करके इसे विवादों से दूर करने की बात अब जोर-शोर से उठाएंगे, इसका संकेत सहयोगी दल के नेता देने लगे हैं। इस बार आम चुनाव में हिंदू जातियों की जन गणना कराने की बात विपक्ष ने जोर शोर से उठाया। भारतीय जनता पार्टी इसे जातीय एकता और सामाजिक समरता के लिए खतरा बताकर इसे खारिज करती रही है। विपक्ष ऐसे अवसर की तलाश में रहेगा कि यह मुद्दा एनडीए के सहयोगी दल उठाएं और वह उसका समर्थन कर एनडीए की एकता को तोड़ दें। इसलिए देशहित में स्थिर सरकार के मद्देनज़र सहयोगियों को भी ऐसे मुद्दों को अहमियत देने के बजाय सांझा कार्यक्रम को ही आगे बढ़ाने पर जोर देना चहिए। फिर भी मोदी के लिए यह चुनौती रहेगी ही कि सहयोगी दल किसी भी मुद्दे को विपक्ष के लिए अवसर में न बदलने पाएं।


सब का साथ, सब का विकास, सब का विश्वास और सब का प्रयास जैसे नारों की समीक्षा भी इस नई सरकार को करनी होगी। नीतियों में पहले से ज्यादा सहमति बनाकर आगे बढ़ने की चुनौती भी कम नहीं होगी। जो जनहितकारी नीतियां केंद्र राज्यों में लागू करेगी अब उसे सहयोगियों की सहमति से ही लागू करना होगा।

चुनावी घोषणा पत्रों की परीक्षा भी अगले पांच सालों में होनी है, खासकर एनडीए में शामिल दलों के घोषणा पत्रों की। सहयोगी दल चाहेंगे कि उन्होंने जनता से जो वादे किए थे मोदी सरकार उसे लागू करे। सहयोगी दलों की घोषणा पत्रों में क्षेत्रगत समस्याओं को दूर करने के भी वादे हुआ करते हैं। उन वादों को सहयोगी दल पूरा करवाने के लिए दबाव बना सकते हैं। यह भी मोदी के लिए चुनौती होगी। जिसमें देश प्रथम समाया हो, उसके लिए चुनौतियां भी समाधान जैसी हो जाती हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



मनाकुला विनयगर मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध गणेश मंदिर में से एक है जिसका निर्माण फ्रांसीसी क्षेत्र पांडिचेरी के दौरान किया गया था जो 1666 साल पहले का है।

## चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान



संकलित
**दर्शन**

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही।

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## चुनावी नतीजे

चेतनादित्य आलोक



# सुनें सबकी करें जन मन की

लोकसभा 2024 चुनाव के नतीजों का पहला संदेश यह है कि समय और परिस्थितियों के अनुरूप नेताओं और राजनीतिक दलों को अपनी नीति-रीति बदलनी चाहिए, क्योंकि परिस्थितियों के साथ-राजनीति का स्वरूप भी बदलता रहता है। पिछले लोकसभा चुनाव के 37.3 प्रतिशत मत की तुलना में इस बार भाजपा के कुल मत प्रतिशत में लगभग एक प्रतिशत से भी ज्यादा की गिरावट आना तथा 2019 के मुकाबले इस बार भाजपा को लगभग 60 सीटों तथा राजग को 55 से भी अधिक सीटों का नुकसान होना इस बात को प्रमाणित करता है। इसके अतिरिक्त कुल 99 सीटें जीतने वाली कांग्रेस पार्टी को पिछली बार के 19.5 प्रतिशत मतों की तुलना में इस बार 21.2 प्रतिशत वोट मिलना भी इसी बात का परिचायक है। जरा इस चुनाव का गणित तो देखिए कि कांग्रेस को मिले कुल मतों में हुई वृद्धि दो प्रतिशत भी नहीं है, जबकि उसकी सीटों की संख्या इस बार दोगुनी हो चुकी है। इन नतीजों की दूसरी सीख यह है कि भाजपा को केवल प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और गरीबों के लिए पांच किलो मुफ्त राशन तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के भरोसे न रहकर उसे राजनीतिक दांव-पेंचों के निहितार्थों को भी समझना चाहिए। देखा जाए तो उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में 'राशन नहीं रोजगार' का गूंजता नारा इसी बात को प्रमाणित करता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जनता के बीच विपक्षी दलों की ओर से दिखाया गया रोजगार का सपना मोदी के राशन की तुलना में अधिक कारगर साबित हुआ। वैसे एक मनोवैज्ञानिक सत्य भी है कि जब किसी को कोई वस्तु पहली बार मुफ्त में दी जाती है तो वह उपहार होता है, लेकिन यदि उपहार स्वरूप वही वस्तु किसी व्यक्ति को बार-बार दी जाती रहे तो वह वस्तु भी उपहार न होकर उस व्यक्ति का अधिकार बन जाता है। तात्पर्य यह कि पीएम मोदी ने जो अब तक गरीबों को पांच किलो मुफ्त राशन उपलब्ध कराया, उसे जनता ने अपना अधिकार मान लिया। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई आर्थिक न्याय की संकल्पना को मतदाताओं ने हाथों-हाथ लिया, जिसके अंतर्गत राहुल गांधी बेरोजगारों और गरीब महिलाओं के खातों में 'टकाटक' 8500 रुपये पहुंचाने और गरीबी मिटाने की बात करते देखे गए थे। यह अलग बात है कि ऐसे किसी 'टकाटक' से गरीबी समाप्त नहीं हो सकती। वैसे सियासी सूरमाओं और राजनीतिक पंडितों का इस हार के बाद सीधे-साधे यह कह देना कि देश के राजनीतिक अखाड़े से 'मोदी मैजिक' अब खत्म हो चुका है यह सच नहीं है, क्योंकि यदि ऐसा होता तो ओडिशा, दक्षिण भारत के राज्यों एवं मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ जैसे मध्य भारत के प्रमुख राज्यों में मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा ने जिस प्रकार से अपना दबदबा कायम रखा है, वह कदापि संभव नहीं हो पाता। इन नतीजों का तीसरा संदेश यह है कि राजनीति में अति-आत्मविश्वास नहीं रखना चाहिए। कई बार राजनीतिक पार्टियां भी अपनी राजनीतिक सहूलियतों के हिसाब से जनता के बीच आत्मविश्वास को अहंकार और अहंकार को आत्मविश्वास बताने और उसे साबित करने की बवायद करती रहती हैं। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि पीएम मोदी सुनें सबकी और करें जन की। गौरतलब है कि इस चुनाव का एक बहुत बड़ा फैक्टर भाजपा की संवादहीनता रहा है। दरअसल, आपसी खटपट के कारण इस चुनाव में आरएसएस ने कोई भूमिका नहीं निभाई। लोकसभा चुनाव के नतीजे बताते हैं अब पीएम मोदी को अपनी गलती सुधार कर भाजपा एवं संघ के बीच की खटपट को दूर करते हुए स्वस्थ संवाद की परंपरा फिर से स्थापित करनी चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पर्यावरण को खुद नुकसान पहुंचा रहा इंसान

इस साल तापमान बहुत तेजी से बढ़ा है। भारत के कई शहरों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है, यह अत्यंत गंभीर स्थिति है। इस स्थिति का एक प्रमुख कारण पर्यावरण प्रदूषण या प्रकृति का दोष है। इस कारण प्रकृति पर ग्लोबल वार्मिंग की स्थिति बन गई है। इसी कारण पर्यावरण को हो रहे नुकसान का सबसे बड़ा दुश्मन वर्तमान में इनसान ही है। मानव रोजाना कई गलतियों से पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। आने वाली पीढ़ियों के लिए रहने योग्य पर्यावरण बचाने के लिए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की सीख देनी चाहिए। उन्हें पर्यावरण संरक्षण के तरीके बता सकते हैं। बच्चों को प्लास्टिक और पॉलीथिन के इस्तेमाल करने से रोकना आवश्यक है क्योंकि इस दोनों का बड़ी मात्रा में इस्तेमाल होता है जो कि सदा प्रदूषण का कारण है। – *श्रवण पांडे, बलौदा बाजार*

## करंट अफेयर

### इमरान पाक की राजनीतिक सुलह में बाधक : नवाज


पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि इमरान खान देश में राजनीतिक सुलह लिए मुख्य बाधा हैं। मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि नवाज ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज किसी भी पार्टी से बदला नहीं लेने की भावना के साथ देश में राजनीतिक सुलह के लिए प्रतिबद्ध है। नवाज शरीफ ने सांसदों के साथ एक बैठक के बाद यह टिप्पणी की। बैठक में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के साथ बातचीत के मुद्दे पर चर्चा की गई। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष शरीफ ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री खान खुद हमारे साथ मुद्दों को सुलझाने और बातचीत करने के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं, जिससे कोई निष्कर्ष नहीं निकल रहा है। उन्होंने बातचीत की व्यवहार्यता पर सवाल उठाया क्योंकि पीटीआई इसे सुलझाने के लिए ज्यादा रुचि नहीं दिखा रही है। नवाज शरीफ ने पार्टी के सांसदों से कहा, 'जब कोई पक्ष गंभीर ही नहीं है तो वह बातचीत कैसे कर सकते हैं?' उन्होंने पिछली कई घटनाओं का उदाहरण दिया जब खान ने पीएमएल-एन के साथ संबंधों को सुधारने वाले प्रस्तावों को ठुकरा दिया था।



## ऑफ बीट

### दिमाग के लिए पानी पीना बहुत जरूरी है

'बैलरैट क्लेरेंडन कॉलेज' ने पिछले महीने पांचवीं से नौवीं कक्षा के छात्रों के लिए कक्षा में पानी की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाकर एक परीक्षण किया। स्कूल के अनुसार, 'प्रारंभिक प्रतिक्रिया' से संकेत मिलता है कि ऐसा करने से कक्षा के दौरान शोर कम हुआ और शौचालय जाने के लिए छात्रों के 'ब्रेक' लेने में कमी आई। पानी की बोतलें अब स्कूल के लिए जरूरी मानी जाती हैं लेकिन सवाल यह है कि बच्चों को एक दिन में कितना पानी पीने की जरूरत होती है? इसका उनके दिमाग पर क्या असर पड़ता है? बच्चों और किशोरों को कितने तरल पदार्थ की जरूरत होती है? यह मौसम और शारीरिक गतिविधियों पर निर्भर करता है कि बच्चों को कितने तरल पदार्थ की जरूरत है लेकिन सामान्य तौर पर : चार से आठ साल के बच्चों को प्रतिदिन लगभग 1.2 लीटर पानी पीना चाहिए। नौ से 13 साल के लड़कों को 1.6 लीटर पानी पीना चाहिए। नौ से 13 साल की लड़कियों को 1.4 लीटर पानी पीना चाहिए। चौदह साल से अधिक उम्र के लड़कों को 1.9 लीटर पानी पीना चाहिए।



## ट्रेंड

### साथ आने का समय



मुझे समुद्र के पास बड़ा होने का सौभाग्य मिला। मुझे यह देखकर दुख होता है कि मानव गतिविधि इसे कैसे नष्ट कर रही है। अब सरकारों, व्यवसायों, निवेशकों, वैज्ञानिकों और समुदायों के लिए हमारे महासागर को बचाने के लिए एक साथ आने का समय आ गया है।

-एंटोनियो गुटेरेस, यूएन महासचिव

### शांति लाने में असमर्थ



जब हम खुद को शांति की भावना में लाने में असमर्थ होते हैं, तो हर छोटे मुद्दे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। हर छोटी-छोटी बात के लिए हम एक-दूसरे से झगड़ने लगते हैं।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु


### नीट परीक्षा में हुई धांधली



मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक स्टूडेंट्स और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### आप कौन हैं



सबसे पहले, यह एक इरादा है। फिर एक व्यवहार, फिर एक आदत उसके बाद फिर एक अभ्यास। तब यह दूसरी प्रकृति बन जाती है। अंततः, यह बस इतना ही है कि आप कौन हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


ग्राउंड रिपोर्ट- 2, बस्तर संभाग



स्कूल जतन योजना में स्कूलों की मरम्मत में करोड़ों रुपये कहां खर्च हुए, पता नहीं

# स्कूलों के जतन के लिए करोड़ों का फंड, पर काम ऐसा कि उधड़ी छत के नीचे होगा बच्चों का स्वागत

## अबूझमाड़ के स्कूलों में लग रहे शेड

नारायणपुर जिले के अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित इलाके में ऐसे स्कूल हैं, जहां रोड-टू-रोड की सुविधा नहीं है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मिश्रा के मुताबिक जिले में अधिकांश जर्जर शालाओं का मरम्मत कार्य पूरा किया जा चुका है। इलाके के पहुंचविहीन अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित अबूझमाड़ ओरछा ब्लाक के लगभग 25 जर्जर स्कूलों में शेड लगाने का कार्य प्रगति में है।

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

हर वर्ष नए शिक्षण सत्र के पूर्व स्कूल शिक्षा विभाग करोड़ों रुपए भवन मरम्मत के नाम पर फंड जारी करता है। स्कूलों की मरम्मत भी होती है, लेकिन फिर अगले सत्र में उसी स्कूल के मरम्मत के नाम से लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, जिसकी स्थिति जस के तस रहती है। कुल मिलाकर स्कूल मरम्मत के नाम पर सरकार से जारी किए जा रहे करोड़ों रुपए कितनी ईमानदारी से खर्च किए जा रहे हैं, इसका भौतिक सत्यापन कराया जाए तो गड़बड़ी का खुलासा होगा। अभी नया सत्र 16 जून ▶▶|शेष पेज 02 पर

### 112 भवन चिन्हित, 354 स्कूलों की मरम्मत

कोंडागांव के डीईओ आदित्य चांडक के मुताबिक वैसे तो 112 भवन मरम्मत योग्य हैं, जबकि 354 स्कूल भवनों का मरम्मत कार्य स्कूल जतन योजना में पहले ही किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा 354 स्कूलों में अभी भी 70-72 स्कूलों की मरम्मत नहीं हुई है। जाहिर है, यहां नए सत्र में बच्चों को मुश्किल होगी।

### कांकेर में 671 स्कूलों की जतन योजना में मरम्मत

कांकेर के डीईओ अशोक पटेल ने बताया कि जिले में 671 स्कूल भवनों में भूपेश सरकार में स्कूल जतन योजना से स्वीकृत राशि से मरम्मत किए गए। कुछ भवन के मरम्मत कार्य पूर्ण हुए हैं, तो कुछ भवन आज भी अधूरे हैं। उनके मुताबिक 50-60 स्कूलों के मरम्मत कार्य 10 जून तक हर हाल में किया जाएगा।



### बस्तर जिले में 257 कोंडागांव में 112 भवन जर्जर



बस्तर संभाग के सातों जिलों में जर्जर स्कूल भवन के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। बस्तर जिले की डीईओ भारती प्रधान के मुताबिक जिले में 257 स्कूल भवनों की मरम्मत की जा रही है। आधे से अधिक भवनों की मरम्मत की जा चुकी है, शेष में कार्य चल रहा है।

# भारतीय क्रिकेट टीम ने अमेरिका में लहराया तिरंगा




एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

भारत और पाकिस्तान के बीच हाईवोल्टेज मुकाबला न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर खेला गया। भारतीय क्रिकेट टीम ने मैच जीतकर अमेरिका में तिरंगा लहरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम 119 रन पर सिमट गई। जवाब में भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान टीम 113 रन ही बना सकी। भारत ने 6 रन से इस मैच को अपने नाम किया।

*इधर, मोदी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा था, उधर, कश्मीर में आतंकी हमला हो गया। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शिव खोड़ी गुफा तीर्थ स्थल पर तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक यात्री बस पर संदिग्ध आतंकवादियों ने गोलीबारी की। संदिग्ध आतंकवादियों के गोलीबारी में 10 लोग मारे गए हैं। यह आतंकवादियों का वही समूह है, जो राजौरी, पुंछ और रियासी के ऊपरी इलाकों में छिपा हुआ है।*

- शिवखोड़ी गुफा के दर्शन करने बस में जा रहे थे श्रद्धालु
- राजौरी, पुंछ और रियासी के ऊपरी इलाकों में छिपे हैं आतंकवादी
- मौके पर बड़ी संख्या में सुरक्षाबल की तैनाती, चल रहा सर्च ऑपरेशन

# इधर शपथ, उधर दहशत

## श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/श्रीनगर

कटड़ा से शिव खोड़ी मंदिर जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पर पोनी इलाके के तेरयाथ गांव में हमला हुआ। खबर मिलते ही पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की टीमें मौके पर पहुंच गईं। बचाव अभियान जारी है। मौके से गोली भी बरामद हुई है। इसके मद्देनजर इलाके की घेराबंदी भी कर दी गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शिवखोड़ी धार्मिक स्थल से दर्शन करके लौट रहे यात्रियों की बस पर आतंकियों ने घात लगाकर हमला किया। आतंकियों की गोलीबारी के बाद ही बस दुर्घटनाग्रस्त हुई। इसमें 10 यात्रियों के मारे जाने की भी सूचना है।





### 33 श्रद्धालु घायल

इस घटना में 33 लोग घायल हुए हैं। बचाव अभियान पूरा हो चुका है। यात्रियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वे स्थानीय नहीं हैं। शिवखोड़ी तीर्थस्थल को सुरक्षित कर लिया गया है और इलाके को कब्जे में ले लिया गया है।



### गोलीबारी से बिगड़ा संतुलन

एसएसपी रियासी मोहिता शर्मा ने कहा है कि शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि शिवखोड़ी से कटरा जा रही यात्री बस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी की। गोलीबारी के कारण बस चालक ने बस का संतुलन खो दिया और बस खाई में गिर गई। वहीं, इस घटना में 10 लोगों की जान गई है।





TOLL FREE NO. 1800-266-0018

WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW** MOTORCYCLE & SCOOTER COMPANY

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Regd. Office: Hero MotoCorp Ltd., The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. CIN: L35911DL1984PLC017354. It is our endeavour to improve our product. This could lead to changes in product specifications without notice. Accessories and features shown may not be a part of the standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative global production volume till 21st January 2021. ***Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ^^Based on offers from empaneled dealers on Wheels of Trust platform. Available at select dealerships. ~Ex-showroom and On-road price of Destini Prime in Chhattisgarh and may change without any prior notice. ^Finance scheme is at the sole discretion of financiers and subject to its respective terms and conditions. Offer is for limited period or till stock lasts. For further information, contact nearest Hero MotoCorp authorised outlet (s) or visit website www.heromotocorp.com

Exchange Powered By Wheels of Trust^^ Exchange any old two-wheeler for a new Hero at best resale value. For more details, visit www.wheelsoftrust.com SCAN FOR BEST RESALE VALUE

अधिकृत डीलर: रायपुर: छत्तीसगढ़ हीरो 9289922351, आरसन हीरो 9289922864, राजधानी हीरो 9289922414, राजनांदगांव: जय हीरो 9289922357, धमतरी: सत्योम हीरो 9289922525, कांकेर: राहुल हीरो 9289922834, महासमुंद: वत्स हीरो 9289922623. बलोदाबाजार: अग्रवाल हीरो 9289922959, आरंग: श्री राम हीरो 9289922968, बेमेतरा: श्री सांई हीरो 9289922835, कवर्धा: सरस्वती हीरो 9289922958, जगदलपुर: विजयपाल हीरो 9289923064, दंतेवाड़ा: जय विजय हीरो 9289922990, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983, भाटापारा: कुशल हीरो 9289923052, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दुर्ग: उत्सव हीरो 9289923114, उत्सव हीरो: (स्टेशन रोड) 7000595300, एसोशिएट डीलर: रायपुर: संजय ऑटोव्हील 9289924245, 0771-4266555, पंडरिया: ललित सर्विसेज़ 8770383767, भनपुरी: ओम ऑटो एजेंसी: 6261535855, दोमुहानी: किरण मोटर्स 9754069392, लवन: गणपति ऑटो 9926601111/ 9340379300, भिंभौरी: श्री राम मोटर्स: 8462900028/9340005833 गुरुर: श्री गुरुनानक ऑटो, 8349484458 / 7224880123, बोडला: विक्की मोटर्स: 9755583102, पांडातराई: शक्ति ऑटोमोबाइल्स: 9179035073, अभनपुर: राजधानी ऑटोमोबाइल्स, 9325529033, छुरिया: अंकित ऑटो: 9425240565, नवागढ़: श्री मोटर्स 9165525555/9009866899 राजिम: गुरुदेव ऑटोमोबाईल्स 9977280000, खरोरा: अग्रवाल मोटर्स 9424212141, सरायपाली: बंसल ऑटो 9425513611, डोंगरगढ़: युवराज मोटर्स 8085160380, तिल्दा: आरसन मोटर्स 9340335266, नगरी: हर्ष ऑटो 8109502100, पाटन: दिव्या ऑटो 9893492107, बागबाहरा: प्रियंका ऑटोकेयर 9131058752, कोण्डागांव: आहुजा ऑटोमोबाईल्स 9131794017, नारायणपुर: गुरुनानक ऑटो 9425596290, केशकाल: साहिल ऑटो सेल्स 9893199247, जिगड़ी: किरन ऑटोकेयर 9754069392, फरसगांव: राजा ऑटोमोबाईल्स 9425594144, बेरला: कान्हा मोटर्स 98931058752 /6260472025 , कसडोल: बजरंग मोटर्स 9425511973, बालोद: जैन ऑटोकेयर 9425563502, लिमतरा: माँ सरवेश्वरी ऑटोमोबाईल्स 9301361155, गरियाबंद: छत्तीगढ़ ऑटो केयर 8319358443, चरोदा: सत्यम ऑटोमोबाईल्स 9977155055, गुंदरदेही: एम.एम. ऑटो 8720051135, जामुल: जय अम्बे ऑटो एजेंसी 9826386346, रिसाली: भारत मोटर्स 9993417123, डीलर एक्सटेंशन काउंटर: रायपुर: आरसन हीरो (फाफाडीह) 7428587575, 0771-4000233, भिलाई (सुपेला) इंडियन हीरो 0788-4911301, 8305597651, अधिकृत डीलर रीप्रजेन्टेटीव: ऐडिशनल वर्कशॉप: रायपुर: आरसन मोटर्स (फाफाडीह) 7697868545/0771-4000233, आरसन मोटर्स (टिकरपारा) 2274333/666, राजधानी ऑटो केयर, (रिंग रोड नं.1, तेलीबांधा चौक) 0771-2420037, जेन्युईन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्ट: संजय ऑटोमोबाईल्स 2226732/7474. Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) रायपुर: आरसन हीरो 9285052266, भिलाई: इंडियन हीरो 9289922355, दल्लीराजहरा: लक्ष्मी हीरो 9289922983.

## जैकेट के शेष

### मोदी फिर प्रधान ...

को पार कर लिया। इसके बाद राजग की बैठक में मोदी को पिछले दिनों भाजपा और राजग संसदीय दल का नेता चुना गया था। नेता चुने जाने के बाद मोदी ने राष्ट्रपति भवन जाकर द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी और सरकार बनाने का दावा पेश किया था। शपथ लेने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के अलावा जनता दल (सेक्यूलर) के एच डी कुमारस्वामी सहित राजग के घटक दलों के कई पमुख नेता भी शामिल थे। शपथ ग्रहण समारोह में देश और विदेश के कई शीर्ष नेता भी शामिल हुए।

इस अवसर पर मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोस और हिंद महासागर क्षेत्र के कई शीर्ष नेता मौजूद थे। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, उनके भूटानी समकक्ष शेरिंग टोबगे, बांग्लादेश की राष्ट्रपति शेख हसीना और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। विदेशी नेताओं में मुइज्जू की यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि यह भारत और मालदीव के बीच संबंधों में जारी तनाव के समय हुई है। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद सभी नेता राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगे। क्षेत्रीय समूह दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) देशों के नेताओं ने मोदी के पहले शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया था, जब उन्होंने भाजपा की शानदार चुनावी जीत के बाद प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला था। मोदी जब 2019 में लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बने तो उनके शपथ ग्रहण समारोह में बिम्सटेक देशों के नेता शामिल हुए थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संभवतः अकेले विपक्षी नेता थे, जो रविवार शाम प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। हालांकि, कुछ अन्य विपक्षी नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया था, लेकिन खरगे उन लोगों में से थे, जो राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

### साय बोले- मोदी की तीसरी ....

करने और देश को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण हुआ। मां भारती के सेवक, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर 3 करोड़ छत्तीसगढ़वासियों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी सदस्यों को भी अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। ये सब मिलकर विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करेंगे, जिसमें हमारे छत्तीसगढ़ का भी अहम योगदान होगा।

### छत्तीसगढ़ से सांसद ....

आतिशबाजी करते हुए खुशियां मनाईं गईं। सांसद चुने जाने के बाद तोखन साहू ने जब पहली बार लोकसभा की दहलीज पर कदम रखा तो वहां पर प्रवेश द्वार की सीढ़ियों को दंडवत प्रणाम किया था।

**पंच से केंद्रीय मंत्री तक का सफर** : तोखन साहू एक बेहद साधारण किसान परिवार से आते हैं। वे 2013 में पहली बार लोरमी विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। पूर्व रमन सिंह सरकार में उन्हें संसदीय सचिव भी बनाया गया था। तोखन साहू क्षेत्र में काफी लोकप्रिय जनप्रतिनिधि के तौर पर जाने जाते हैं। उनका जन्म ग्राम डिंडौरी, जिला मुंगेली में 15 अक्टूबर 1969 को हुआ है। उन्होंने एम काम तक की शिक्षा ग्रहण की है। उनका विवाह लीलावती साहू से हुआ है। वर्ष 1994 में लोरमी के छोटे से गांव सूरजपुरा से 1994 में पंच पद से उन्होंने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की। वे पंच से सरपंच, फिर जनपद सदस्य रहे। उसके बाद वर्ष 2013 में लोरमी विधानसभा सीट से विधायक निर्वाचित हुए थे। वे 2005 में ब्लॉक लोरमी क्षेत्र क्रमांक–18 फुलवारीकला से जनपद सदस्य बने। वर्ष 2010 में यहां से महिला आरक्षण के चलते पत्नी लीलावती साहू जनपद सदस्य और फिर लोरमी जनपद पंचायत की अध्यक्ष भी बनीं। वर्ष 2012 में वे जिला सहकारी बैंक बिलासपुर के प्रतिनिधि बने, वर्ष 2013 में वे भाजपा के टिकट पर लोरमी विधानसभा से विधायक बने। 2014 में छत्तीसगढ़ वन्य जीव बोर्ड के सदस्य बने व 2015 में कृषि, मछलीपालन, पशुपालन, जलसंसाधन विभाग के संसदीय सचिव बने। वर्ष 2018 में भाजपा ने दोबारा लोरमी विधानसभा से चुनाव मैदान में उतारा, लेकिन वे कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ रहे धर्मजीत सिंह से हार गए।

**भाजपा को बिलासपुर में 7 वीं बार जीत दिलाई** : बिलासपुर लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, लेकिन अब यह बीजेपी का किला बन चुका है। बीजेपी ने यहां पिछले सात चुनाव में लगातार जीत दर्ज की है। वहीं कांग्रेस यहां 1952 से लेकर 1991 (1977 जनता पार्टी) को छोड़कर आठ चुनाव में जीत दर्ज कराने में कामयाब रही है। बीजेपी यहां 7 बार जीत दर्ज कर चुकी है तो वहीं जनता पार्टी ने एक बार 1977 में जीत हासिल की थी। 2024 के चुनाव में तोखन साहू ने 1 लाख 64 हजार 558 वोटों से जीत हासिल की है। तोखन को कुल 7 लाख 24 हजार 937 वोट मिले हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को 5 लाख 60 हजार 379 वोट मिले हैं। साहू ने बीजेपी को बिलासपुर में 7वीं बार जीत दिलाई है। इस तरह जीत का अंतर 1 लाख 64 हजार 558 रहा। साहू के कुल वोट का प्रतिशत 53.25 और यादव का 41.16 प्रतिशत रहा। इस बार यहां से बीजेपी के किसान नेता तोखन साहू और कांग्रेस के भिलाई से विधायक देवेंद्र यादव के बीच सीधी टक्कर थी।

**इन नामों की चल रही थी चर्चा** : एनडीए को बहुमत मिलने के बाद पिछले एक सप्ताह से कई नामों की चर्चा चल रही थी जिन्हें मंत्री बनाए जाने के कयास लगाए जा रहे थे। इनमें रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल और पूर्व सीएम भूपेश बघेल को हराकर दूसरी बार सांसद बने संतोष पांडेय का नाम चल रहा था। इनके नामों पर लेकिन मुहर नहीं लग पाई थी और तोखत साहू को बुलावा आ गया। ज्ञात हो कि वीआईपी सीट रायपुर लोकसभा से रिकॉर्ड मतों से जीतने वाले सांसद बृजमोहन अग्रवाल 8 बार के विधायक हैं और वर्तमान में स्कूल शिक्षा मंत्री भी हैं। वो रायपुर लोकसभा से पहली बार चुनाव लड़े और कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय को पांच लाख से ज्यादा वोटों से हराया है। उनका नाम देश में सबसे ज्यादा वोटों से जीतने वाले टॉप टेन सांसदों की लिस्ट में भी शामिल है।

**अब तक केवल राज्य मंत्री मिले, कैबिनेट मंत्री नहीं** : मध्य प्रदेश से अलग होने के बाद साल 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बना। इसके बाद से यहां लगातार बीजेपी के सांसद चुने जाते रहे हैं, लेकिन कैबिनेट में जगह नहीं मिल पाती थी। ऐसे में इस बार उम्मीद जताई जा रही थी कि मोदी के तीसरे कार्यकाल की कैबिनेट में प्रदेश को जगह मिल सकती है। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ को बीजेपी की पिछली सरकारों में केवल राज्य मंत्री पद मिले हैं। सीएम विष्णुदेव साय भी केंद्र में राज्य मंत्री रह चुके हैं। मोदी कैबिनेट में छत्तीसगढ़ से अब तक एक राज्य मंत्री मिला है। पिछले कार्यकाल में रेणुका सिंह केंद्रीय राज्य मंत्री थीं। अटल कैबिनेट में छत्तीसगढ़ से एक साथ तीन राज्य मंत्री बनाए गए थे।

### सबको साथ लेकर ....

है। प्रयास होगा कि रद्द ट्रेनें फिर से प्रारंभ हों और जहां पर ट्रेनों का स्टापेज नहीं है, वहां बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी ने फैसला किया कि लोकसभा लड़ाना है तो वे चुनाव लड़े, अब सांसद बनने के बाद मंत्री पद से नवाजा जा रहा है, तो यह उन जैसे छोटे से कार्यकर्ता के लिए बड़ी बात है। यह सिर्फ भाजपा में ही हो सकता है।

### हर चुनाव में .....

में जगह मिली है वह भी हमेशा की तरह राज्यमंत्री के तौर पर। उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ बनने के 24 साल बाद भी कैबिनेट मंत्री नहीं मिल पाया है।

छत्तीसगढ़ गठन के पहले अविभाजित मध्यप्रदेश में यहां के सांसदों को केंद्रीय कैबिनेट में शामिल किया जाता था। लेकिन प्रदेश गठन के बाद छत्तीसगढ़ को आज तक कैबिनेट मंत्री नहीं मिला। अविभाजित मप्र के समय छत्तीसगढ़ से केंद्रीय मंत्री के रूप में विद्याचरण शुक्ल, अरविंद नेताम, पुरुषोत्तम लाल कौशिक, बृजलाल वर्मा कैबिनेट मंत्री रहे हैं।

### प्रदेश गठन के ....

जैसे दिग्गज मंत्री बनाए गए लेकिन इन सभी को राज्य मंत्री बनाया गया। विष्णुदेव साय, रेणुका सिंह भी राज्य मंत्री बनाए गए। यूपीए -2 सरकार में डॉ.चरणदास महंत को भी राज्यमंत्री बनकर रहे।

### कई दिग्गजों के ....

पर चर्चा में शामिल थे। लेकिन जब नामों का ऐलान हुआ तो तोखन साहू का नाम आया। हालांकि केंद्र में राज्य मंत्री बनाए जाने से पहले स्थानीय स्तर पर भी तोखन साहू के नाम की कोई चर्चा नहीं थी। दरअसल वे पहली बार ही लोकसभा चुनाव जीतकर आए हैं। उन्होंने बिलासपुर लोकसभा सीट पर बड़े अंतर से जीत हासिल की है। माना जा रहा है कि उन्हें यह दायित्व पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधि होने के कारण दिया गया है। वे साहू समुदाय से आते हैं। इस समुदाय के बारे में माना जाता है कि यह राज्य में भाजपा का सबसे बड़ा पक्षधर समूह है।

**केदारनाथ धाम के दर्शन को हेली टिकट बुकिंग जल्द होगी शुरू**

# 80 किलो से अधिक वजन पर भक्तों को देना होगा अतिरिक्त शुल्क

## विभाग ने तब मानसून काल 21 जून से 14 सितंबर के लिए खुलेंगे स्लॉट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए हेली सेवा का इंतजार कर रहे भक्तों के लिए बहुत बड़ा अपडेट सामने आया है। भक्तजन अब हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम को दर्शन करने को जा सकेंगे। केदारनाथ हेली सेवा की टिकट बुकिंग की जल्द ही डेट आने वाली है। केदारनाथ हेलीसेवा के लिए मानसून सीजन की बुकिंग जल्द ही शुरू होने जा रही है। नागरिक उड्डयन विभाग ने पहले 10 मई से 20 जून और 15 सितंबर से 30 अक्तूबर तक के लिए हेली बुकिंग प्रारंभ की थी, जो शुरुआती हफ्ते में ही शत प्रतिशत बुक हो चुकी हैं। विभाग ने तब मानसून काल 21 जून से 14 सितंबर के लिए बुकिंग की तिथियां घोषित नहीं की थी, दरअसल इस दौरान एक तो बारिश होने से यात्री घट जाते हैं, वहीं हेली



कंपनियां भी अमरनाथ यात्रा में व्यस्त हो जाती हैं। अब विभाग इस समय के लिए भी आईआरसीटीसी के जरिए बुकिंग प्रारंभ करने जा रहा है। यूकाडा के सीईओ सी रविशंकर ने बताया कि आईआरसीटीसी को बुकिंग प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। इस सप्ताह से वेबसाइट पर ही बुकिंग प्रारंभ करने की तिथि और समय जारी कर दिया जाएगा। इसी क्रम में बुकिंग प्रारंभ की जाएगी।

**हेली सेवा के लिए ऐसे करें हेली टिकट बुकिंग**

केदारनाथ हेली सेवा टिकट की बुकिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। ऐसे में हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम को दर्शन करने वाले भक्तों का इंतजार खत्म होने वाला है। हेलीकॉप्टर से केदारनाथ जाने वाले तीर्थ यात्री **https://www.heliyatra.irctc.co.in/** पर टिकट बुक कर सकते हैं।

**इन तारीखों के लिए स्लॉट**

केदारनाथ हेली सेवा के लिए स्लॉट बुक शुरू होने वाले हैं। इस बार जब हेलीकॉप्टर से दर्शन करने के लिए बुकिंग शुरू होगी तो 21 जून से 14 सितंबर के बीच के लिए स्लॉट खुलेंगे। माना जा रहा है कि इस बार भी बुकिंग शुरू होते ही सारे स्लॉट फुल हो जाएंगे। आपको बता दें कि इससे पहले जब भी हेली सेवा के लिए बुकिंग शुरू हुई थी तब चंद ही मिनटों में सारे स्लॉट फुल हो गए थे।

**हेली कंपनी के लिए बनाए गए हैं सख्त नियम**

केदारघाटी में हेली कंपनी के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। नियम तोड़ने पर विभाग की ओर से सख्त ऐक्शन भी लिया जाता है। केदारघाटी में हेलीकॉप्टर सेवा देने वाली कंपनियों की गाइडलाइन के अनुसार, एक आईडी पर अधिकतम 06 सीटें बुक की जा सकती हैं। इसके अलावा, दो और इससे अधिक उम्र वाले बच्चों का पूरा टिकट लगेगा, जबकि दो से कम उम्र वाले बच्चों का कोई भी टिकट नहीं लगेगा। गौर करने वाली बात यह है कि बच्चों का वजन किसी भी अभिभावक के साथ जोड़ जाएगा। यात्री का कुल वजन 80 किलोग्राम से अधिक होने पर अतिरिक्त शुल्क देना होगा। प्रति किलो के हिसाब से 150 रुपये चार्ज किए जाएंगे।

### पेड़ से टकराई कार, चार लोगों की मौत, पांच जख्मी

**अमेठी।** अमेठी जिले के मुंशीगंज क्षेत्र में एक कार के मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद एक पेड़ से टकराने की घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के आजाद नगर में जामो-भादर मार्ग पर एक कार के सामने अचानक मोटरसाइकिल आ गई। इससे कार और मोटरसाइकिल के बीच टक्कर हुई और फिर कार एक पेड़ से जा टकराई। इसमें शबनम (35), वंदना पाठक (29), दुर्गेश उपाध्याय (35) तथा एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। दुर्घटना में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए उनमें से तीन को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

**बुजुर्ग महिला को घर से घसीटकर 200 मीटर दूर ले गया, मिली लाश**

# दरवाजा तोड़ सोती महिला को घसीटकर ले गया तेंदुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



आसपास के क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा आम लोगों पर हमला और उन्हें घायल करने, मौत होने की जानकारी लगातार सामने आ रही है। बीती रात को जिला मुख्यालय से लगभग 14 किलोमीटर दूर मौजूद ग्राम चनार, जो नरहरपुर वन परिक्षेत्र में आता है वहां की बुजुर्ग महिला राजिम बाई पर तेंदुआ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रात को 75 साल की बुजुर्ग महिला घर पर सो रही थी, तभी अचानक तेंदुए ने घर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुस गया और महिला पर धावा बोलते हुए उसे घसीटते हुए जंगल पहाड़ी की ओर ले गया। बुजुर्ग महिला का शव उसके घर से महज 200 मीटर की दूरी पर क्षत विक्षत पड़ा हुआ था। तेंदुए द्वारा महिला का घर से घसीटकर ले जाने के निशान साफ देखे जा सकते हैं।

**फॉरेस्ट की टीम ने किया मुआयना**

सुबह ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई और उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम घटना स्थल पहुंची और मुआयना किया तो पाया कि जंगली जानवर के द्वारा ही बुजुर्ग महिला को घर से घसीटते हुए निकाला गया है। वन्य प्राणी के हमले से उसकी मौत हुई है।

## पेज एक के शेष

### स्कूलों के जतन के...

से शुरू हो रहा है, लेकिन ज्यादातर जर्जर स्कूलों का काम पूरा नहीं हो सका है। जाहिर है, टूटी छत के नीचे बच्चों का स्वागत होगा। बहरहाल आज भी बस्तर जिले में 257 स्कूल जर्जर अवस्था में हैं। सप्ताहभर बाद 18 जून को शिक्षा मंदिरों में टिन-टिन की घन्टी बजने लगेगी। जर्जर भवन में बच्चे कैसे अपना भविष्य गढ़ेंगे, यह प्रश्न अभी भी बना है। छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार के कार्यकाल में सम्पूर्ण प्रदेश में स्कूलों की मरम्मत के लिए स्कूल जतन योजना के अंतर्गत करोड़ों रुपए जारी किए गए थे। अब इन राशि में से मरम्मत के कार्य कितने ईमानदारी से हुए यह पड़ताल के बाद स्पष्ट होगा। 18 जून को नया शिक्षण सत्र आरम्भ होना है, इसकी तैयारी में समूचे संभाग के जिला शिक्षाधिकारी जुट गए हैं। हरिभूमि ने बस्तर संभाग के जिलेवार स्कूलों के जर्जर भवन का पड़ताल करने पर चौकाने वाले खुलासे हुए हैं। जानकर आश्चर्य होगा कि अभी भी समूचे बस्तर संभाग में सैंकड़ों स्कूल भवन जर्जर अवस्था में है। कहीं दीवार के प्लास्टर उखड़ गए है तो कहीं खिड़की गायब है। कहीं-कहीं पर भवन का छज्जा टूटकर गिर गया है। ऐसे जीर्ण-शीर्ण भवन में बच्चे अपना भविष्य कैसे गढ़ेंगे यह सवाल अभी भी बना है। संभाग के अधिकांश जिला शिक्षाधिकारी ने दावा किया है कि 10 जून तक हर हाल में जर्जर स्कूल भवनों का मरम्मत कर लिया जाएगा।

**जिला खनिज फंड से स्कूलों की मरम्मत** : बीजापुर जिला में लगभग 300 स्कूलों की स्थिति दयनीय है। हालांकि अधिकांश जर्जर स्कूलों की मरम्मत जिला खनिज योजना की राशि से हो चुकी है, लेकिन 40-50 स्कूल ऐसे हैं, जहां काम आधा अधूरा पड़ा हुआ है। बीजापुर के जिला शिक्षाधिकारी रमेश कुमार निषाद के मुताबिक जिले में स्कूल सुधार और मरम्मत दो अलग योजना की राशि से होता है। जिला खनिज निधि और शाला विकास समिति के माध्यम से मरम्मत का काम करवाया गया है।

**300 जर्जर स्कूल, 30 स्कूलों की मरम्मत** : दंतेवाड़ा जिला के जिला शिक्षाधिकारी एसके अम्बस ने बताया कि जिले में लगभग 329 स्कूल जर्जर स्थिति में थे। इनमें अधिकांश का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में 75 स्कूलों का मरम्मत कार्य चल रहा है। इन स्कूलों के मरम्मत और सुधार कार्य के लिए मुख्यमंत्री जतन योजना से 13 से 14 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। जिसमें 90 फीसदी राशि आबंटित हुई थ्सी। शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से 56 शालाएं जो अत्यंत जर्जर थी, डिस्मेंटल कर अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया गया है।

**संवेदनशील स्कूलों का कार्य जारी** : सुकमा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि दर्जनों जर्जर स्कूलों का मरम्मत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अतिसंवेदनशील नक्सल प्रभावित 20 से 30 स्कूलों का काम जारी है। नए शिक्षा सत्र के पूर्व ऐसे स्कूलों के सुधार कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जेईई-एडवांस्ड के नतीजे घोषित, वेद लाहोटी अव्वल

**नई दिल्ली।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड के नतीजे रविवार सुबह घोषित कर दिए गए। इसमें आईआईटी दिल्ली जोन के



वेद लाहोटी ने 360 में से 355 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। आईआईटी बंबई जोन की द्विजा धर्मेशकुमार पटेल को 360 में 322 अंक मिले और वह छात्राओं में शीर्ष स्थान पर रहीं वहीं देशभर में वह सातवें स्थान पर रहीं। शीर्ष 10 स्थान हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से चार आईआईटी मद्रास से हैं।

# दो दिन पहले मुंबई पहुंचा मानसून, महाराष्ट्र-कर्नाटक में होगी भारी बारिश!

## तपती गर्मी से जल्द मिलेगी राहत, छत्तीसगढ़ में तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई



मुंबई में तपती गर्मी से लोगों को राहत मिलनेवाली है। इस बार मुंबई में अपने निर्धारित समय से दो दिन पहले मॉनसून की एंट्री हो चुकी है। आमतौर पर मुंबई में मॉनसून 11-12 जून के बीच पहुंचता है पर इस बार यह 9 जून को ही पहुंच चुका है। इस बीच, मौसम विभाग ने महाराष्ट्र-कर्नाटक में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य तिथि 11 जून की तुलना में आज, 09 जून 2024 को मुंबई में आगे बढ़ चुका है। रबी फसलों की बुवाई की तैयारियों में जुटे किसानों को मानसूनी बारिश शुरू होने से बड़ी राहत मिली है। इस बारिश से खेतों की मिट्टी में पर्याप्त नमी पहुंच जाएगी, जो फसल उत्पादन में मददगार होगी। मौसम विभाग ने आज महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र में मॉनसून की बारिश शुरू हो चुकी है। आईएमडी ने 9 जून के लिए महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में भारी वर्षा को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। रत्नागिरी के लिए ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पालघर, ठाणे, मुंबई और रायगढ़ के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अपने पूर्वानुमान में आईएमडी ने कहा है कि इन क्षेत्रों में तेज

**इन क्षेत्रों में बढ़ रहा मॉनसून**

इस बीच रविवार को सुबह मुंबई के कई इलाकों में बारिश हुई, जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। इससे पहले मौसम विभाग ने कहा था कि दक्षिण पश्चिम मॉनसून मध्य अरब सागर, दक्षिण महाराष्ट्र, तेलंगाना और दक्षिण छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा के कुछ हिस्सों और तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ गया है। आईएमडी ने अपने एक्स पोस्ट पर कहा था कि अगले दो से तीन दिनों में मॉनसून में मॉनसून मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों के अलावा महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों और तेलंगाना में आगे बढ़ सकता है। इसके लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है।

**कब-कहां देगा दस्तक**

- 15 जून- मध्य प्रदेश, गुजरात, ओडिशा, झारखंड और बिहार
- 20 जून को उत्तर प्रदेश
- 25 जून को गुजरात, राजस्थान, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर
- 30 जून को दिल्ली, हरियाणा और पंजाब

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता रामशरण पिता दयासागर वर्मा निवासी-ग्राम अछोली तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम अछोली प.ह.नं. 00002 रा.नि.मं. भैंसा, तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 688/4 रकबा 0.2000 हेक्टेयर को क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर विक्रय इकरारनामा निष्पादित कर ब्याने की राशि अदा किया जा चुका है। उक्त भूमि के विक्रय विलेख निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपर वर्णित भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, शासकीय या अर्द्धशासकीय, संस्थाएं, निकाय, बैंक, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार से उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे निम्नलिखित पते पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिवस के अंदर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में उपर वर्णित भूमि का विक्रय विलेख का पंजीयन करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत उजर दावा या आपत्ति अवैध एवं प्रभाव शून्य माना जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

रायपुर
दिनांक 09/06/2024

भवदीय
एम.के. जांगड़े (अधिवक्ता)
कार्यालय मकान नं. 6 प्लेटिनम
अशोका रत्न कालोनी व्ही.आई.पी. स्टेट
शंकर नगर रायपुर छ.ग.
मो. 79874-13159, 99265-28524

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**बांग्लादेशी सांसद हत्या**

# बंगाल सीआईडी ने मुख्य संदिग्ध को नेपाल से किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



पश्चिम बंगाल सीआईडी ने रविवार को बांग्लादेश के सांसद की हत्या के मामले में संदिग्ध मोहम्मद सियाम हुसैन से पूछताछ शुरू की। मोहम्मद सियाम हुसैन को नेपाल ने पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जिसे भारत को प्रत्यर्पित किया गया था। सीआईडी बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के मामले की जांच कर रही है। सीआईडी की टीम सियाम को कोलकाता के न्यू टाउन इलाके में स्थित उस फ्लैट पर लेकर जाएगी जहां कथित तौर पर अनवारुल अजीम अनार की हत्या हुई थी।

**जिस जगह हुई सांसद की हत्या, वहां भी ले जाकर हुई पूछताछ**

बंगाल सीआईडी के एक अधिकारी ने बताया कि 'हम सियाम हुसैन से पूछताछ कर रहे हैं। हम उसे कोलकाता के फ्लैट पर लेकर गए और वहां अनवारुल अजीम अनार के शव के अंगों की तलाश की। सियाम से पूछताछ के आधार पर सांसद के शव को ढूंढने की कोशिश की जा रही है।' शनिवार शाम को कोलकाता की स्थानीय अदालत ने मोहम्मद सियाम हुसैन को 14 दिन की हिरासत में भेज दिया।

**बॉर्डर पर उस पार से आया हथियारों से लैस स्मगलर्स का ग्रुप**


# भारतीय सीमा में करीब 150 गज अंदर घुसपैठ कर तस्करी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारत के बार्डर पर लगातार घुसपैठ की गतिविधियां तेजी से बढ़ती ही जा रही हैं। बीएसएफ के जवान मुस्तैदी से टिके हुए हैं। इसी बीच, भारत-बांग्लादेश इंटरनेशनल बार्डर पर कई सारे तस्कर भारतीय सीमा में करीब 150 गज अंदर घुसपैठ करके सामान की तस्करी कर रहे थे। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने उन सभी को वार्निंग दी, लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। इन सभी स्मगलर्स ने अपने तेवर दिखाते हुए आक्रामकता का रूख अपनाया और ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ जवान को घेरने की कोशिश की, ताकि उस पर हमला किया जा सके और उसके सभी हथियारों को छीना जा सके। स्मगलर्स के ग्रुप की तरफ से जब बीएफएफ जवान ने अपने आप को घिरते हुए पाया तो उसने सेल्फ डिफेंस में गोली चलाई और इसमें बांग्लादेशी के एक तस्कर की मौत हो गई।

## शब्द पहेली - 5537



**बाएँ से दाए**
1.पावर हाऊस -5
4.दिमागी,कल्पित-4
7.हृदय-2
8.खोदना-3
9.प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10.नुकीला-4
11.कलिका-2
13.प्यारा,लाडला-3
14.विशिष्ट,विशेष-2
15.खर्च,उपभोग-3
17.नौका-2
19.नाम करण-2,3
22.चमकीला-5
25.महोदय (अंग्रेजी-2)
26.रनिवास,जनवासा-3
28.संध्या,सांझ-2
29.दलना,महीन करना-3
30.जस,सम्मान -2
32.कारागृह-4
34.आलाप,लय,सुर-2
36.पागल स्त्री-3
37.इंकार,मना-2
38.सराबोर,सना हुआ -4
39.वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**
1.चूहे का घर-2
2.नेता-3
3.सार-संभार-2,3
4.आदर्श,कसौटी-3
5.छाती-2
6.अचरज भरा कार्य-4
7.हृदय को ठेस लगना-5
10.अनवरत वर्षा-4
12.जूं का अंडा-2
16.ओट,घूंघट-3
17.मां के पिता-2
18.दुख,कष्ट-2
20.राष्ट्रीय पक्षी-3
21.पत्र,लैटर-2
22.गुप्तचर,दूत-2
23.कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24.रवानगी, प्रस्थान करना-3,2
25.समयुगीन,समवर्ती-5
26.बंद,स्ट्राइक-4
27.सुरा,शराब-2
31.वचन,प्रतिज्ञा-3
33.बंदर-3
35.नथनी,नथिया-2
37.शहद-2

**शब्द पहेली- 5536 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | म | म | सा | ला | | क | दा | चा | र |
| ती | खा | | हा | | चा | क | र | | र | वा |
| वि | | अ | ज | ग | र | | म | ल | | य |
| धी | मा | प | न | | | म | | की | म | त |
| ही | | ल | | श | ता | न | न | | जा | |
| न | म | क | दा | नी | | मा | न | सि | क | ता |
| | क | | म | च | ल | ना | | या | | र |
| अ | र | ज | | र | | | ऐ | रा | व | त |
| ह | | स | द | | न | रो | त | म | | म्य |
| म | न | | ख्र | स | म | | बा | | टा | पू |
| क | र | त | ल | | श | रा | र | त | पू | र्ण |

## सूडोकु नवताल - 5548

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


**सूडोकु नवताल - 5547 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |






360 View Camera



Head Up Display


22.86cm SmartPlay Pro+


6 Airbags^


In-built Suzuki Connect

NEXA
Safety Shield
Standard Across All Variants

- SUZUKI-TECT BODY
- DUAL FRONT AIRBAGS
- ESP
- SEAT BELT PRE-TENSIONERS WITH FORCE LIMITERS
- ISOFIX CHILD SEAT ANCHORAGES
- PEDESTRIAN PROTECTION COMPLIANCE
- COMPLIANT WITH -
  - FULL FRONTAL IMPACT
  - FRONTAL OFFSET IMPACT
  - SIDE IMPACT

Feature and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to lighting effect. Images used are for illustration purposes only.

## BENEFITS UP TO ₹ 58 000*

Know more about The New Age Baleno | Scan to chat on WhatsApp

**RAIPUR: NEXA VIDHAN SABHA ROAD** (VISHWABHARTI AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 6262620047), **NEXA ONE RING ROAD** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9926127774), **NEXA MAGNETO** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160), **BHILAI: NEXA SUPELA** (SPARSH AUTOMOBILES PH: 9589214824), **DURG: NEXA DURG BYPASS** (CHOUHAN AUTOMOBILES LLP. PH: 7909999302), **JAGDALPUR: NEXA JAGDALPUR** (SKY AUTOMOBILES PH: 9584433160).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

*T&C apply. Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till 30th June'24 or till stocks last. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Creative Visualization. ^For details on functioning of safety features including airbags, kindly refer to the owner's manual.

# ट्रोलिंग पर जरा भी ध्यान न दिया जाए तो ही बेहतर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ट्रोलिंग को लेकर एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ट्रोलिंग से निपटने का सबसे अच्छा तरीका है कि इससे बिल्कुल भी न निपटें। एक्ट्रेस ने आगे कहा, इसके अलावा, मेरे पास जिस तरह का व्यस्त शेड्यूल है, उसे देखते हुए मेरे पास वास्तव में उन चीजों पर सोचने और बर्बाद करने के लिए समय नहीं है। इसलिए जब आप किसी चीज पर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं, तो ट्रोल होने का कोई सवाल ही नहीं उठता। तो हां, मैं इसी तरह से इससे निपटती हूं। उर्वशी एक फैशन शो के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थीं। एक्ट्रेस ने शो में एक शोस्टॉपर के रूप में वॉक किया। अब अगली बार जेएनयू: जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी फिल्म में नजर आएंगी। अपनी आगामी फिल्म के बारे में बात करते हुए उर्वशी ने कहा, मैं फिल्म में जेएनयू की छात्रा का किरदार निभा रही हूं।



## इस बार 100 करोड़ पर छापा पूरी हुई रेड-2 की शूटिंग...


**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी हो गई है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेड 2 की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है। फिलहाल यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है।



### द लीजेंड ऑफ हनुमान' भगवान हनुमान की कहानियों के इर्द-गिर्द घूमती है

# 'मैदान' से 'बड़े मियां छोटे मियां' तक, इस हफ्ते ओटीटी पर इन फिल्मों का उठाएं लुत्फ

*__मुंबई।__ अगर आप घर पर बैठकर फिल्में या वेब सीरीज देखने के शौकीन हैं तो जून का पहला हफ्ता आपके लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते आप ओटीटी पर कई नई फिल्मों और सीरीज के जरिए घर बैठे-बैठे अपना मनोरंजन कर सकते हैं। एक तरफ फिल्म 'ब्लैकआउट' आपके बीच आ रही है तो दूसरी तरफ 'मैदान' भी ओटीटी पर धमाका करने को तैयार है। आइए जानते हैं इस हफ्ते कौन-सी फिल्में और सीरीज आपका मनोरंजन करने वाली हैं।*




**'मैदान'**: 'मैदान' एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जो फुटबॉल के खेल पर बनी है। फिल्म में अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभाई है। अजय फिल्म में महान कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आए हैं। यह फिल्म 5 जून से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। इस फिल्म ने भले ही बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं किया, लेकिन अजय ने अपनी शानदार अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत लिया।



**'बड़े मियां छोटे मियां'**: अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। शुरुआत में तो फिल्म को बढ़िया प्यार मिला, लेकिन बाद में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम हो गई। भले ही इस फिल्म को सिनेमाघरों में लोगों का प्यार न मिला हो, लेकिन अब 'बड़े मियां छोटे मियां' ओटीटी पर आ गई है। यह 6 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।




**'ब्लैकआउट'**: पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'ब्लैकआउट' भी खूब चर्चा में है, जिसमें विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। सुनील ग्रोवर, मौनी रॉय और अनंत जोशी भी इसका हिस्सा हैं। विक्रांत फिल्म में एक क्राइम रिपोर्टर की भूमिका निभा रहे हैं और फिल्म की कहानी भी उन्हीं के इर्द-गिर्द बुनी गई है। 'ब्लैकआउट' 7 जून को जियो सिनेमा पर रिलीज हो चुकी है। देवांग शशिन भावसार ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।



**'गुल्लक' और 'द लीजेंड ऑफ हनुमान'**: 'गुल्लक' और 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' जैसी लोकप्रिय सीरीज भी इस हफ्ते धमाल मचाएंगी। 'गुल्लक' उत्तर भारत के एक छोटे से शहर में रहने वाले एक मध्यमवर्गीय परिवार की कहानी है और इसमें मध्यम वर्ग के संघर्षों को बखूबी दर्शाया गया है। इसका चौथा सीजन 7 जून को सोनी लिव पर रिलीज हो चुका है। 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' भगवान हनुमान की कहानियों के इर्द-गिर्द घूमती है। इसका चौथा सीजन डिज्नी+ हॉटस्टार पर 5 जून को रिलीज हो गया है।



**'मुंज्या'**: मोना सिंह इन दिनो निर्माता दिनेश विजान की फिल्म 'मुंज्या' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें शरवरी वाघ भी हैं। 'स्त्री' की तरह 'मुंज्या' में भी हॉरर के साथ कॉमेडी का तड़का लगाया गया है। यह फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में आ चुकी है।



# अमिताभ की शादी में थे सिर्फ 5 बाराती...

**मुंबई।** बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन की शादी हुए 51 साल 03 जून को पूरे हो गये हैं। अमिताभ और जया ने अपने विवाह की 51वीं सालगिरह मनाई। अमिताभ और जया की जोड़ी बॉलीवुड में बहुत हिट रही है। अमिताभ और जया ने जंजीर, अभिमान, चुपके-चुपके, शोले, सिलसिला, मिली, कभी खुशी कभी गम समेत कई कामयाब फिल्मों में साथ काम किया है। अमिताभ और जया की शादी 03 जून 1973 को मुंबई में हुई थी। उन्हीं दिनों दोनों की फिल्म 'जंजीर' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही थी। दोनों एक साथ छुट्टी मनाने के लिए लंदन जाना चाहते थे। यह बात अमिताभ के पिता हरिवंश राय बच्चन को पसंद नहीं आई। उन्होंने अमिताभ से कहा था यदि छुट्टी मनाने जाना है तो पहले शादी कर लो फिर जाना।

# नुपूर को मिला बिग बॉस ओटीटी 3 का ऑफर



**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी के मेकर्स ने बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन की बहन नुपुर सेनन को अप्रोच किया है। मेकर्स और नुपुर के बीच बातचीत का सिलसिला जारी है। हालांकि, अभी नुपुर शो में नजर आएंगी या नहीं इसकी को ई पुष्टि नहीं हुई है। बता दें, नुपुर को बिग बॉस के पिछले सीजन्स में भी अप्रोच किया गया था, लेकिन तब शो के मेकर्स के साथ बात नहीं बन पाई थी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या कृति सेनन की बहन इस बार घर में नजर आएंगी? बिग बॉस का पहला ओटीटी सीजन 2021 में आया था। इस सीजन को होस्ट किया था डायरेक्टर करण जौहर ने। वहीं, सीजन को होस्ट किया था सलमान खान ने। अब तीसरे सीजन को होस्ट करेंगे अनिल कपूर। शो में अनिल कपूर की होस्टिंग को देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। शो ने एक प्रोमो भी लॉन्च किया है जिसमें अनिल कपूर नजर आ रहे हैं। अगर पिछले सीजन्स के विनर्स की बात करें तो बिग बॉस ओटीटी सीजन 1 की विनर थीं दिव्या अग्रवाल। वहीं, सीजन 2 के विनर थे एल्विश यादव। खबरों की मानें तो बिग बॉस 15 में नजर आ चुके करण कुंद्रा की एक्स गर्लफ्रेंड अनुषा दांडेकर को भी शो का ऑफर मिला है। हालांकि, एक्ट्रेस और वीजे दांडेकर ने अभी तक शो को साइन नहीं किया है। मालूम हो कि बिग बॉस ओटीटी को लेकर एक के बाद एक अपडेट्स आ रहे हैं।

---

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी — सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मसी**

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |

**Paramedical Course**
Lab tech, OT tech,X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course

| Pharmacy Course | Duration |
|---|---|
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc.,P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass , Maths, Bio

HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

## Appointment आवश्यकता

### टीचर

**आवश्यकता है-** Raipur Convent Hr.Sec. School Required Trained Teachers to teach English, Maths, Physics, Chemistry, Bio, SST, Science, Commerce & Primary teachers also Required (In English Medium), Interview on 10.06.2024, 10.00am at Gudhiyari, Janta Colony- 8109077721, 8109077723, Shivanand Nagar, Near Neem Dabri Talab- 8109077730. (RO-7482)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** ज्ञान प्रकाश विद्या मंदिर हा. से.स्कूल रावा भाठा बीरगांव मे हिंदी एवम अंग्रेजी माध्यम मे पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओ की आवश्यकता है । **संपर्क करे प्राचार्य 9131548793, 7974856070** (RO-6272)

**शीघ्र आवश्यकता है-** सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह दुर्ग व्याख्याता रसायन शैक्षणिक योग्यता M.Sc.Chem. व्याख्याता अंग्रेजी M.A.English व्याख्याता भौतिकी M.Sc.Physics व्याख्याता जीवविज्ञान M.Sc.(Bot-Zoology) शिक्षक कम्प्यूटर B.E.,B.Tech.,M.Sc. शिक्षक-म्यूजिक शिक्षक-प्री प्रायमरी **नोट :-B.Ed. डिग्रीधारी को प्राथमिकता साक्षात्कार तिथि 15-06-2024 प्रात:10बजे से 01बजे तक।** Email:ssm-durg@gmail.com **प्राचार्य 94077-35088, 96694-59115.** (Ro-506)

हरिभूमि

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषय:- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषय:- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं **मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781.** (RO-984)

**आवश्यकता है-** उप प्राचार्य, गणित, भौतिकी, रसायन, कॉमर्स, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन (सभी दो पद) रिसेप्शनिस्ट, ड्राइवर की आवश्यकता है पूर्ण बायोडाटा के साथ **संपर्क कीजिए शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, चंगोराभाटा रायपुर**(RO-6268)

**शीघ्र आवश्यकता है-** कॉलेज/स्कूल के लिए शिक्षक/शिक्षिका एवं बाबू (कलर्क)/ रिसेप्सनिस्ट/ ड्राईवर/ माली/ सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है, **इच्छूक शीघ्र सम्पर्क करे उदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जामुल भिलाई -74709-84997.**(Ro-505)

### कुली/हेमाली

**आवश्यकता है-** दाल मिल में अनुभवी कर्मचारी 2 पद वेतन 12000, से प्रारंभ 5 कुली दाल मिल में, कुली एवं हमाली कार्य हेतु रोजी या ठेके पर आवश्यकता है। **कन्हैयालाल संतोष कुमार दाल बंजर पारा सड्डू रायपुर 9826141178, 7725800600.** (RO-6267)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** बंगलो एवं ऑफिस मे कार्य करने हेतु गार्ड की आवश्यकता है अनुभव- 5 से 10वर्ष उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.** (RO-2800)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### डाटा एट्री/फिल्ड वर्क

**आवश्यकता है-** अकाउंटिंग, डाटा एंट्री , टैली कॉलिंग , फिल्ड वर्क एवं अनुभवी सेल्स ऑफिसर के लिए लडके लड़कियो की आवश्यकता है इच्छुक कडिडेट संपर्क करें...। M TRUCKY **लॉजिस्टिक्स एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड एड्रेस- 109 फर्स्ट फ्लोर प्रोगेसिव प्वाइंट लालपुर रायपुर ऑफिस नंबर- 07713517244, 9109813063.**(RO-6268)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** तीन चक्का इलेक्ट्रिक माल वाहक ऑटो चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। **अशोक इंटरप्राजेज आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 8:00 तक मोबाइल नंबर 8770676924** (Ro-4425)

**आवश्यकता है-** अनुभवी ड्राइवर की तुरंत आवश्यकता है अनुभव- 10वर्ष लग्जरी कार चलाने का अनुभवी हो सेठजी के साथ चलने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी उम्र 30 से 40 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.**(RO-2799)

### मार्केटिंग/सेल्सगर्ल

**आवश्यकता है-** RS ट्रेडर्स एंड पावर टूल्स हेतु कंप्यूटर कर्मी जिसे टैली का अनुभव हो एवं मार्केटिंग सेल्समैन की वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:- रिंगरोड नं.1, प्रकाश स्विमिंग पूल के पास छत्तीसगढ़ नगर मोबाइल नंबर:- 9300297203.**(RO-2798)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है **सम्पर्क करें- किरण सेल्स गली नम्बर-2 माता गैरेज के पास पंडरी, रायपुर** (RO-3150)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### गोडाऊन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.**(RO-111)

### वेल्डर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** पाइप लाइन में कार्य करने हेतु अतिशीघ्र वेल्डर, हेल्पर, की आवश्यकता है। **संपर्क-14, रविशंकर शुक्लामार्केट पावर हाऊस भिलाई मो.- 97551-40787, 93290-11025.** (Ro-504)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** डिटॉल कंपनी के आईटमो की रायपुर मार्केट में बुकिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है **संपर्क करें अग्रवाल एजेंसी पुरानी बस्ती रायपुर Mob. 9826416557** (Ro-M)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** मुख्यालय छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, एक्सटेंशन काउंटर बिलासपुर, दुर्ग और नया रायपुर में विभिन्न पदों पर संविदा के तहत ग्यारह महीने के लिए नियुक्तियाँ की जाएगी। भर्ती के लिए आवेदन ऑफिशियल email id- hqcosaurc1985@gmail.com पर करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in/ पर विजिट करे। (RO-2791)

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### घरेलुकार्य

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर में झाड़ू, पोछा, कपड़ा, बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुष महिलाएं चाहिए, गुटखा, तंबाखू या किसी भी तरह का नशा न करने वाले ही **संपर्क करें 9300593000.** (RO-1206)

### लेबर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** रायपुर गोगांव स्थित कारखाने में कार्य करने के लिए लड़के (लेबर हेल्पर) की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन रहने की सुविधा उपलब्ध **संपर्क करे:- 9111456685,** (RO-678)

### वर्कर

**आवश्यकता है-** लोहा लोडिंग व अनलोडिंग करने हेतु वर्कर की आवश्यकता है. आकर्षक वेतन. **संपर्क- श्री कृष्णा तालपत्री एंड हार्डवेयर, रिंगरोड नंबर- 2, भनपुरी, रायपुर मोबाइल- 9329647123.**(RO-1614)

### बाई

**आवश्यकता है-** आदर्श नगर पोटिया चौक के पास, ज्योति ऑप्टिकल कम्पनी में , साफ सफाई हेतु बाई की , कार्य समय 9:30 से 8:30, मिले- शाम 4 से 5 , **ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग** (आरो न.-210)

### टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 टेलीकॉलर- 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-2797)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### मशीन फीटर

**आवश्यकता है-** आस्था हॉस्पिटल के पास सेजबहार रायपुर स्थित फिश फीड प्लांट हेतु एक अनुभवी मशीन फीटर की आवश्यकता है । **संपर्क- अनुराग दत्ता मो.7587323876.**(RO-1403)

### मैनेजर

**आवश्यकता है-** दुर्ग भिलाई- सर्वे कार्य में मैनेजर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- **मो.-62682-79954.**(आरो न.-207)

### इंटीरियर वर्क

**आवश्यकता है-** एक नवयुवक - एक नवयुवती की आवश्यकता है।। श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, दुकान हेतु।। जल गृह मार्ग, भाटागांव, बीकानेर मिठाई वाला के बगल में।। सम्पर्क **दिनेश अठवानी, 7879311110.** (RO-2796)

### चिकित्साकर्मी

**आवश्यकता है-** महिमा हॉस्पिटल , उतई भिलाई , जिला - दुर्ग (छ. ग.) पिन कोड - 491107 मे स्टाफ की आवश्यकता हैं : एम.बी.बी. एस- 5 पद, बी.एससी नर्सिंग व GNM व ANM - मेल 10 पद और फीमेल 10 पद , आई.सी.यू इंचार्ज- मेल 10 पद और फीमेल 10पद, बी.ए. एम.एस डॉक्टर- 5 पद, एक्सरे टेक्निशियन -5 पद, लैब टेक्नीशियन -5 पद, OT टेक्नीशियन -5 पद, मेडिकल स्टॉर्स में काम करने हेतु अनुभवी लड़के चाहिए- 5 पद **संपर्क करें। मो.- 99071-27097, 97132-11728, 75870-08451.** (आरो न.-6338)

### पेट्रोल पम्प कर्मी

**आवश्यकता है-** राजनांदगांव से 30 किलोमीटर उरईडबरी में स्थित रीच पेट्रोल पम्प में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट (कम्प्यूटर ऑपरेटर) एवं पेट्रोल पम्प हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क करें- 8109411676** (Ro-7485)

**आवश्यकता है-** मैसर्स शारदा प्रसादसाव पेट्रोल पंप रानी अवंती बाई चौक कोहका भिलाई में डीजल पेट्रोल डालने एवं ऑफिस कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है **मो.-99261-23539, 76928-88808.** (आरो नं.-6342)

### लेबर

**आवश्यकता है-** लेबरों की, समय 9से 6बजे तक, 1 घंटा लंच, वेतन पांच अंकों में तीस दिन का। रुपये 200 का फ्री मोबाइल रीचार्ज। **संपर्क:- रुटेक इंडिया, 15/एफ हथखोज, निरोज इस्पात के गेट नम्बर 2 के सामने भिलाई ( छ.ग.) मो.- 70001-39818, 96308-71711, 99073-33370.**(आरो न.-6343)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10/12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 रहना, खाना, ट्रैवल, ट्रेनिंग फ्री। ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 **सम्पर्क करें- 9575712101, 7389318055.**(RO-34398)

## Services सर्विसेस

### पेस्ट कंट्रोल

**आवश्यकता है-** इंडियन **पेस्ट कंट्रोल** गवर्नमेंट अप्रूव्ड हर्बल एवं केमिकल से दीमक, कॉकरोच, चींटी, छिपकली, एवं सभी प्रकार के पेस्ट से मुक्त/ निजात किया जाता है, 1-5 साल की गारंटी के साथ **मोबाइल- 9371636700, 7378999775. रायपुर पंडरी- 4920001.**(RO-6265)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

### अन्य

**आवश्यकता है-** जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 **62673 24667.** (RO-1322)

**आवश्यकता है-** Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 8961256017.**(RO-256)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस-** Kotak Mahindra finance company (काम हमारा विश्वास आपका) सरकारी योजना (10+2), मार्कशीट, बिजनेस, 30 लाख से 50 लाख लोन। online सुविधा घर बैठे पाये। 2% ब्याज, 30% सब्सिडी। (सिविल खराब लोन पाएं) **09350386748.** (Ro-2806)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

**बेचना है -** 30X50 के दो आवासीय डायवर्टेड प्लाट कुल 3000 वर्ग फीट सत्या विहार कालोनी, कौशल्या माता मंदिर के पास चंदखुरी से मात्र 600 मीटर और दिशा कालेज कैम्पस से फोरलेन रोड से मात्र 50 मीटर की दूरी पर अतिशीघ्र बेंचना है। **मो. 94241-46997, 78986-87010** (RO-6271)

### मकान/फ्लैट

**बेचना है/किराये से -** परसुलीडीह LIG मकान बेचना है एवं कबीर नगर में 2 BHK फ्लैट किराए से देना है **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9425511176.**(RO-2803)

## Available उपलब्ध

**लीज पर जगह उपलब्ध-** नंदनवन हथबंध रोड स्थित फार्म हाउस में एक एकड़ जगह फीश फार्मिंग (मछली उत्पादन) के लिये लीज में देना हैं। **सम्पर्क करें: मो. नं. 6263558400** (Ro-7484)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 'जमीन पर उतारना है 100 दिन का एजेंडा, काम पर जुट जाएं'

## प्रधानमंत्री मोदी ने शपथ ग्रहण से पहले चाय पर चर्चा में कहा

*तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने से पहले रविवार को नरेंद्र मोदी ने पीएम आवास पर सभी संभावित मंत्रियों के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान मोदी ने अपनी कैबिनेट के नए सहयोगियों से कहा है कि 100 दिन के एजेंडे की कार्ययोजना को जमीन पर उतारना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोदी ने अपनी कैबिनेट के नए सहयोगियों से कहा है कि आपको जो भी विभाग मिले, उसकी पेंडिंग योजनाओं को जल्दी से जल्दी पूरा करना है। 5 साल के रोड़ मैप में जुटिए। हमारी सरकार का लक्ष्य 2047 में भारत को विकसित भारत बनाना है। जनता को एनडीए पर भरोसा है। उसे और मजबूत करना है। प्रधानमंत्री आवास पर 22 सांसदों के साथ हुई बैठक में मोदी ने कहा कि पांच साल का रोडमैप भी तैयार है। आप उस पर जी जान से जुट जाइएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य है कि साल 2047 में भारत को पूरी तरह से विकसित भारत बनाना है। जनता को एनडीए पर भरोसा है। उसे और मजबूत करना है।



**2014 में भी की थी चर्चा :** बता दें, कैबिनेट गठन से पहले पीएम मोदी हर बार चाय पर भाजपा नेताओं से मुलाकात करते हैं। साल 2014 में भी ऐसी ही बैठक आयोजित हुई थी। अब नरेंद्र मोदी ने संभावित मंत्रियों से कहा कि आप सभी सरकार पर ध्यान दें और सुनिश्चित करें कि परियोजनाएं समय पर पूरी हों।

### बैठक में ये 22 सांसद हुए शामिल

जो सांसद प्रधानमंत्री आवास पर मीटिंग में शामिल होने पहुंचे, उनमें सर्बानंद सोनोवाल, चिराग पासवान, अन्नपूर्णा देवी, मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, भागीरथ चौधरी, किरेन रिजिजू, जितिन प्रसाद, एचडी कुमारस्वामी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, निर्मला सीतारमण, रवनीत बिट्टू, अजय टमटा, राव इंद्रजीत सिंह, नित्यानंद राय, जीतन राम मांझी, धर्मेंद्र प्रधान, गजेंद्र सिंह शेखावत, हर्ष मल्होत्रा, एस जयशंकर, सीआर पाटिल व कृष्णपाल गुर्जर शामिल थे।

### बैठक के बाद किसने, क्या कहा

भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद मनोहर लाल ने कहा, 'प्रधानमंत्री कार्यलय से चाय का निमंत्रण मिला था स्वाभाविक है कि इस प्रकार की परंपरा पीएम हमेशा करते हैं कि अपने मंत्रिमंडल के गठन से पहले वो चाय पर बुलाते हैं। उन्हीं को बुलाते हैं जिन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करना होता है। हरियाणा से मेरे अलावा राव इंद्रजीत सिंह और कृष्ण पाल गुर्जर थे।' बेगूसराय से भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद गिरिराज सिंह ने कहा, 'पीएम मोदी को धन्यवाद देंगे कि उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है इसके सिवा कोई संकल्प ही नहीं है। एनडीए है एनडीए था एनडीए रहेगा।' भाजपा नेता गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार मुझे अपनी टीम में शामिल करके देश की सेवा का सौभाग्यपूर्ण अवसर दिया है। मोदी जी ने जो देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। हम उसको पूरा करने के लिए टीम की तरह काम करेंगे।' चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में पिछले 10 साल में देश आगे बढ़ा है। हम जैसे युवाओं को प्रधानमंत्री से हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बहुत बातें हमे बताई। प्रधानमंत्री के अनुभव का हमें फायदा होगा। बहुत फॉर्मल बातचीत हुई। क्या 100 दिनों के एजेंडे पर बात हुई? इस पर चिराग ने कहा कि आने वाले दिनों में सब साफ हो जाएगा।

# कभी पंचर बनाते थे, आज भी पुराने स्कूटर की वजह से बटोरते हैं सुर्खियां

**8 बार के सांसद वीरेंद्र कुमार खटीक बनाए गए हैं मोदी 3.0 कैबिनेट में मंत्री**

*हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड के बड़े नेता और 8 बार के सांसद वीरेंद्र कुमार खटीक मोदी 3.0 कैबिनेट में मंत्री बनाए गए हैं। खटीक टीकमगढ़ से सांसद हैं और अपनी सादगी की वजह से चर्चा में रहते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी उम्मीदवार रहे वीरेंद्र खटीक ने कांग्रेस के पंकज अहिरवार को 4 लाख से ज्यादा वोटों से पराजित किया। मोदी कैबिनेट में तीसरी बार वीरेंद्र कुमार खटीक को मंत्री बनाया गया है। पहली बार 2017 में खटीक पीएम मोदी कैबिनेट में महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री और 2021 में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बनाया गया था।*



**स्कूटर की वजह से बटोरते हैं सुर्खियां**

सागर जिले के एक बेहद गरीब परिवार में 27 फरवरी 1954 को जन्मे वीरेंद्र कुमार खटीक ने अपनी मेहनत के बलबूते सागर यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। पढ़ाई के लिए खटीक को साइकिल की पंचर बनाने से लेकर गाड़ियों की रिपेयरिंग तक का काम करना पड़ा था। दिग्गज नेता आज भी अपने पुराने और संघर्ष के दिनों के स्कूटर पर सवार होकर क्षेत्र में आम जनता का हाल जानने निकल जाते हैं। शायद यही वजह है कि 1996 में लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंचे वीरेंद्र कुमार खटीक ने आज तक लौटकर नहीं देखा।

### पंचर बनाने से लेकर करते हैं साइकिल रिपेयर

डॉक्टर वीरेंद्र खटीक के पिताजी की मध्य प्रदेश के सागर में साइकिल रिपेयरिंग की दुकान थी। वीरेंद्र खटीक के मुताबिक इस दौरान उन्होंने पंचर बनाने से लेकर साइकिल रिपेयर करना तक सीख लिया। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान जब दिव्यांगों को दी जाने वाले ट्राई-साइकिलों में हवा कम दिखी तो खुद सांसद वीरेंद्र खटीक पंप से पहियों में हवा भरने लगे थे. उनकी ये सादगी उस उक्त भी लोगों ने कैमरे में कैद की थी।

### सादगी की वजह से रहते हैं चर्चा में

डॉक्टर वीरेंद्र खटीक अपनी सादगी की वजह से भी जाने जाते हैं। डॉक्टर वीरेंद्र खटीक सबसे पहले साल 1996 में लोकसभा चुनाव जीत कर संसद पहुंचे थे. तब से लेकर अब तक वीरेंद्र खटीक सात बार लोकसभा चुनाव जीत कर सांसद बन चुके हैं और यही वजह है कि उनके लम्बे चौड़े संसदीय अनुभव को देखते हुए उन्हें प्रोटेम स्पीकर बनाया गया है।

## गोल्डमैडलिस्ट मामा की मोदी कैबिनेट में एंट्री




मध्य प्रदेश में 'मामा' के नाम से लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी मोदी सरकार 3.0 में जगह दी गई है और वो केंद्र में मंत्री बन गए हैं। एम.ए. (दर्शनशास्त्र) में गोल्ड मेडलिस्ट शिवराज चार बार के सीएम और 6 बार के सांसद हैं। इस चुनाव में शिवराज ने विदिशा से चुनाव लड़ा और 8,17,429 वोटों के अंतर से बड़ी जीत दर्ज की है। सीहोर जिले के जैत गांव में जन्मे चौहान किसान परिवार से आते हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से पूरी की है। शिवराज सिंह की पत्नी का नाम साधना सिंह चौहान है और उनके दो बच्चे हैं। चौहान ने साल 1990 में पहली बार बुधनी से चुनाव जीतकर विधायक बने शिवराज सिंह चौहान बीजेपी के कद्दावर नेताओं में गिने जाते हैं।

## 13 साल तक टेलीफोन एक्सचेंज में की नौकरी




बिहार से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के मुखिया और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी भी मोदी सरकार में पहली बार मंत्री बनाए गए हैं। मांझी 13 सालों तक टेलीफोन एक्सचेंज में काम करने के बाद भाई के पुलिसकर्मी बनने पर नौकरी छोड़ दी थी और राजनीति में आए हैं। मांझी एनडीए उम्मीदवार के तौर पर इस बार गया (रिजर्व सीट) से चुनाव जीतकर सांसद बने हैं और अपनी पार्टी के इकलौते सांसद हैं। उनके बेटे संतोष मांझी बिहार सरकार में मंत्री है जबकि जीतन राम मांझी पहली बार केंद्र में मंत्री बने हैं। मांझी के शुरुआती करियर की बात करें तो उनका जन्म 6 अक्टूबर 1944 को बिहार के गया जिले के महकार गांव में एक दलित परिवार में हुआ था। मांझी के पिता रामजीत राम मांझी और माता सुकरी देवी (मुसहर समुदाय) खेतिहर मजदूर थे।

## लालकृष्ण आडवाणी से मिलीं बांग्लादेश की पीएम हसीना



**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए राजधानी दिल्ली पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

## झलकियां



शपथ ग्रहण के पूर्व राजधानी दिल्ली स्थित राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर प्रधानमंत्री मोदी ने नमन किया।



राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करते हुए बिहार के सीएम नीतीश कुमार और टीडीपी चीफ चंद्रबाबू नायडू।



नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल शपथ ग्रहण समारोह के दौरान।



समारोह में उद्योग जगत की हस्तियों ने भी शिरकत की। प्रसिद्ध बिजनेस मैन मुकेश अंबानी, फिल्म स्टार शाहरुख खान विशेष रूप से मौजूद थे।



दक्षिण के सुपरस्टार रजनीकांत भी समारोह में विशेष रूप से मौजूद।

# विदेशी मेहमान सहित आम लोग बने पीएम मोदी की शपथ के गवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण समारोह में भारत के पड़ोसी देशों के नेता सहित देश के आम लोग भी शामिल हुए भारत ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान को छोड़ सभी देशों के नेताओं को शपथ ग्रहण का न्योता दिया था। इसे सभी ने कबूल कर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। समारोह में 7 देशों के लीडर्स शामिल रहे। इंडिया आउट कैंपेन चलाने वाले मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से लेकर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साक्षी बने। गौरतलब है, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ.



मोहम्मद मुइज्जू, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनुथ, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीक और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे शामिल हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राजग को कुल 294 सीटें मिली। जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने 234 सीटों पर जीत हासिल की।

## संसद बनाने वाले मजदूर, ट्रांसजेंडरों को भी मिला न्योता



मोदी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में नई संसद बनाने वाले मजदूरों को भी बुलाया गया था, उनके अलावा ट्रांसजेंडर कम्युनिटी के लोगों को भी न्योता भेजा गया था। ये सभी ढोल नगाड़ों के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंचे। बातचीत में भोपाल से आई ट्रांसजेंडर ने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। देश में अब ट्रांसजेंडरों को बराबर का हक मिल रहा है।

# स्मृति 2014 की कहानी नहीं दोहरा पायी अनुराग जीतने के बाद भी खाली हाथ

**मोदी सरकार 2.0 में मंत्री रहे कई चेहरे अबकी बार नहीं आयेंगे मंत्रिमंडल में नजर**

**नड्डा मंत्री बने तो हिमाचल प्रदेश कोटे से कटा अनुराग का पत्ता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मोदी सरकार 2.0 में शामिल रहे कई मंत्री इस बार कैबिनेट में नहीं दिखेंगे। इनमें से कुछ चुनाव हार गये हैं, कुछ का टिकट काट दिया गया था और कुछ चुनाव जीतने के बाद भी राजनैतिक समीकरणों या प्रफोर्मेंस में कमी के चलते इस बार लिस्ट में अपना नाम दर्ज नहीं करा पाये। अनुराग ठाकुर को चुनाव जीतने के बावजूद मौका नहीं मिला है। यह चौंकान्ने वाला घटनाक्रम है। पिछली सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री रहे ठाकुर का बड़ा रसूख था। नारायण राणे और अजय भट्ट को भी चुनाव जीतने के बाद मौका नहीं दिया गया है। मोदी कैबिनेट का 2014 से ही प्रमुख चेहरा रही स्मृति ईरानी के हाथ इस बार मायूसी लगी है। वे हाल ही में अमेठी में हारी हैं। कयास लगाये जा रहे थे कि वे मंत्री बन सकती हैं पर वे 2014 की कहानी दोहरा नहीं पायी। स्मृति के अलावा साध्वी निरंजन, आर के सिंह, अर्जुन मुंडा, राजीव चंद्रशेखर, निशीथ प्रमाणिक, अजय मिश्र टेनी, सुभाष सरकार, भारती पंवार, राव साहेब दानवे और कपिल पाटिल भी चुनाव में पराजित होने की वजह से मंत्री बनने की दौड़ से बाहर हो गये।



### अनुराग के हाथ खाली



अनुराग ठाकुर के लिए इस बार मंत्रिमंडल में जगह नहीं बन पायी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को हिमाचल कोटे से मंत्री बनाया गया है। लिहाजा चुनाव जीतने के बाद भी ठाकुर मंत्रियों की सूची में स्थान नहीं बना पाये। भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में तेजी से उभरे अनुराग के लिए यह बड़ा झटका है। कहा यह भी जा रहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान अपने विवादित बयान की वजह से वे मंत्री नहीं बन पाये। अबकी बार भाजपा पूर्ण बहुमत नहीं ला पायी और एनडीए में शामिल दलों को अपनी क्षेत्रीय राजनीति के चलते अनुराग ठाकुर से आपत्ति थी।

## लगातार तीसरी बाद पीएम बनकर मोदी ने रचा इतिहास, दर्ज हैं कई अनोखे रिकॉर्ड

*आज देश में नई सरकार का गठन हो गया है। वाराणसी से सांसद चुने गए नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बन गए हैं। मोदी की लगातार तीसरी बार ताजपोशी भी अपने आप में एक कीर्तिमान है। 1962 के बाद यह पहली बार है जब कोई नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। 26 मई 2014 को नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके साथ ही वह भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पैदा होने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक नरेंद्र मोदी ने अपने नाम कई रिकॉर्ड किए हैं। आइये जानते हैं इन कीर्तिमानों के बारे में...*

# सबसे लंबे समय तक जी-20 नेता रहने का बनाएंगे रिकॉर्ड

### सबसे लंबे समय तक जी-20 नेता

एनडीए की लगातार तीसरी बार जीतने के साथ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले पांच वर्षों तक रूस के व्लादिमीर पुतिन और चीन के शी जिनपिंग के बाद सबसे लंबे समय तक जी-20 नेता बने रहने वाले नेता बन जाएंगे। 6 जून 2024 तक, मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से 3,664 दिन तक पद पर काम किया है। वह पहले से ही जी20 के तीसरे सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेता हैं और अपने रिकॉर्ड को आगे बढ़ाएंगे।

### राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी से आगे निकले



इस मामले में पीएम मोदी अपने पूर्ववर्ती राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ ही मनमोहन सिंह और पीवी नरसिम्हा राव से अपने आगामी अमेरिका दौरे में आगे निकल गए। ये नेता एक-एक बार अमेरिकी सदन के संयुक्त सत्र को संबोधित कर चुके हैं। राजीव गांधी भारत के पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने 1985 में पहली बार अमेरिकी सदन को संबोधित किया था।

### फिलस्तीन और इजराइल की यात्राएं

फरवरी 2018 में नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन की यात्रा करके एक और रिकॉर्ड बनाया था। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा पहली बार यात्रा थी। इससे पहले 2017 में इस्राइल की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए थे।

### पीएम नरेंद्र मोदी की कुमाऊं यात्रा में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अक्तूबर 2023 के उत्तराखंड दौरे के दौरान एक खास और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बना था। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में इसे जगह मिली थी। पीएम मोदी के कुमाऊं दौरे पर कुमाऊं के छोलिया और झोड़ा लोक नृत्य के ढोल दमाऊं लोक वाद्यों के साथ की गई प्रस्तुति को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में जगह मिली थी।

### योग सत्र ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

जून 2023 में संयुक्त राष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में योग सत्र ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21 जून 2023 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित योग समारोह में सर्वाधिक देशों के लोगों की भागीदारी का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बना था। उनके साथ संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र के अध्यक्ष कसाबा कोरिसी, उप महासचिव अमीना मोहम्मद और न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स भी मौजूद थे।

खबर संक्षेप

### टॉरेंट समूह का एक साल में बाजार पूंजीकरण दोगुना

**मुंबई।** विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाले टॉरेंट समूह का बाजार पूंजीकरण 1.68 लाख करोड़ रुपये हो गया। फार्मा से लेकर ऊर्जा तक के कारोबार में मजबूत वृद्धि के कारण समूह का बाजार मूल्यांकन एक साल में लगभग दोगुना हो गया है। छह जून, 2023 को टॉरेंट समूह का बाजार पूंजीकरण 10.8 अरब डॉलर (90,230 करोड़ रुपये) था।

### बिनौला मजबूत, तेल की कीमतों में गिरावट



**नई दिल्ली।** सहकारी संस्था हाफेड की ओर से सरसों बिक्री के लिए निविदा मंगाने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में बाकी सभी तेल तिलहन कीमतों पर दवाब कायम हो गया तथा उनके दाम में गिरावट आई। सरसों के महंगा होने से सरसों खल की जगह बिनौला खल की मांग बढ़ने से केवल बिनौला तेल और बिनौला खल के दाम मजबूत बंद हुए।

### लुफ्थांसा-एयर इंडिया की मजबूत साझेदारी



**दुबई।** भारत एक बड़ा विमानन बाजार है और एयर इंडिया तथा लुफ्थांसा के बीच मजबूत साझेदारी अच्छी बात है। स्टार एलायंस समूह के सीईओ थियो पैनागियोटोलियस ने यह बात कही। स्टार एलायंस की कोशिश है कि यात्रियों को एक अनूठा मूल्य अनुभव देने के लिए भागीदारों को एक साथ लाया जाए। एयर इंडिया और लुफ्थांसा, दोनों स्टार एलायंस का हिस्सा हैं।

### पीटीसी इंडिया का शुद्ध लाभ 30 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** बिजली कारोबार समाधान प्रदाता पीटीसी इंडिया का मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 30 प्रतिशत घटकर 91.11 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 91.11 करोड़ रुपये रहा जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 129.34 करोड़ रुपये था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल मात्रा 10 प्रतिशत बढ़कर 18.02 अरब यूनिट तक पहुंच गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 16.39 अरब यूनिट थी।

# भारत के टॉप दस अमीरों में पहले स्थान से अदाणी फिसले, कई के बदले रैंक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- सूची में अंबानी पहुंच पहले स्थान पर

पिछले हफ्ते अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी को पछाड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर आदमी की पदवी हासिल कर ली थी।

हालांकि, इसके बाद आए लोकसभा चुनाव के नतीजों ने शेयर मार्केट को तगड़ा झटका दिया और निवेशकों ने ऐतिहासिक रूप से एक ही दिन में 31 लाख करोड़ रुपए गंवाए थे।

फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के हालिया आंकड़ों के अनुसार, मुकेश अंबानी अभी भी देश के सबसे रईस शख्स हैं। उनके दोनों बेटे आकाश अंबानी एवं अनंत अंबानी और बेटी ईशा अंबानी अब कारोबार की कई जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। मुकेश अंबानी की नेट वर्थ 110.9 अरब डॉलर आंकी गई है। दूसरे नंबर पर गौतम अदाणी 77.8 अरब डॉलर की नेट वर्थ के साथ मौजूद हैं। उनके दोनों बेटे जीत और करण अदाणी भी बिजनेस का अहम हिस्सा बन चुके हैं।

**फोर्ब्स ने जारी की रियल टाइम बिलेनियर सूची**

#### टॉप 10 में इन अमीरों ने भी बनाई जगह

इस लिस्ट में छठे नंबर पर सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सायरस पूनावाला हैं। उनकी नेट वर्थ 21.3 अरब डॉलर है। आदित्य बिड़ला ग्रुप के कुमार मंगलम बिड़ला को 20.9 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ 7वां स्थान हासिल हुआ है। इसके बाद 8वें नंबर पर 20.6 अरब डॉलर के साथ राधाकिशन दमानी, 9वें नंबर पर 17.3 अरब डॉलर के साथ केपी सिंह और 10वें नंबर पर लक्ष्मी मित्तल 16.3 अरब डॉलर नेट वर्थ के साथ हैं।



#### शिव नादर चौथे और दिलीप सांघवी 5वें स्थान पर

एचसीएल इंटरप्राइजेज के मालिक शिव नादर की नेट वर्थ 30.7 अरब डॉलर है। वह अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं. सन फार्मा के दिलीप सांघवी 23.9 अरब डॉलर वेल्थ के साथ 5वें नंबर पर रहे हैं। उनके नेतृत्व में सन फार्मा 5 अरब डॉलर की वैल्यूएशन हासिल करने वाली देश की पहली फार्मास्यूटिकल कंपनी बनी है।

#### सावित्री जिंदल तीसरे पायदान पर आ गईं

तीसरा नंबर हासिल हुआ है जेएसडब्लू ग्रुप की सावित्री जिंदल एवं फैमिली को। उनकी नेट वर्थ 36 अरब डॉलर हो चुकी है। इस साल सावित्री जिंदल ने कई अमीरों को इस लिस्ट में पीछे छोड़ा है। वह भारत की सबसे अमीर महिला भी हैं। उनके बेटे पृथ्वीराज जिंदल, सज्जन जिंदल, रतन जिंदल और नवीन जिंदल कई अहम जिम्मेदारियां संभालते हैं।

एयरलाइन के आदित्य घोष ने दी जानकारी

# आकासा एयर मुनाफे की राह पर, अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होंगी : सह-संस्थापक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एयरलाइन दक्षिण एशिया तथा दक्षिण पूर्व एशिया के लिए उड़ान भरेगी
- एयरलाइन में 4000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है

आकासा एयर के सह-संस्थापक आदित्य घोष ने बताया कि एयरलाइन मुनाफे की राह पर है और वह दक्षिण एशिया तथा दक्षिण-पूर्व एशिया सहित अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए उड़ान भरेगी। आकासा एयर के पास 24 विमानों का बेड़ा है और उसके 4,000 से अधिक कर्मचारी हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में एक साक्षात्कार में घोष ने कहा कि भारत में एयरलाइंस उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। घोष ने अन्य भूमिकाओं के अलावा, 2018 तक दस वर्ष इंडिगो के अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आकासा को ग्राहक केंद्रित और कर्मचारी केंद्रित संगठन बनाने के साथ ही वित्तीय रूप से टिकाऊ व्यवसाय बनाना भी महत्वपूर्ण है।

**आकासा एयर के पास 24 विमानों का बेड़ा है**




#### छोटे शहरों में भी विस्तार किया जाएगा

एयरलाइन के पास इस समय 24 छोटे आकार के बोइंग 737 मैक्स विमानों का बेड़ा है। घोष ने कहा, 'हमने दोहा के लिए उड़ान भरना शुरू कर दिया है, जेद्दा के लिए उड़ानों की घोषणा की है, हम पश्चिम एशिया में और अधिक गंतव्यों पर जाने वाले हैं। हम दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया में भी जाएंगे। साथ ही भारत के छोटे शहरों में भी विस्तार करेंगे, क्योंकि वहां बहुत संभावनाएं हैं।'

*15 जुलाई से जेद्दा के लिए उड़ानें*

*एयरलाइन 15 जुलाई से जेद्दा के लिए उड़ानें शुरू करेगी। इसके पास कुवैत और रियाद के लिए यातायात अधिकार भी हैं। यह पूछने पर कि क्या आकासा एयर अपने बेड़े में चौड़े आकार के विमान भी शामिल कर सकती है, उन्होंने कहा कि लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले व्यवसाय मॉडल एक प्रकार के बेड़े पर केंद्रित रहते हैं।*

*सबसे कम ग्राहकों की शिकायतें :*

*घोष ने इस बात पर जोर दिया कि आकासा एयर लाभप्रदता के मार्ग पर है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि आकासा में हम लाभप्रदता के रास्ते पर हैं... हम इस पर दृढ़ता से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं... हमने बेहतर परिचालन भरोसा, सबसे कम ग्राहक शिकायतें, उच्चतम लोड कारक, सबसे कम रद्दीकरण देखा है।'*

#### एक रनवे पर दो विमान, डीजीसीए कर रहा जांच

मुंबई हवाई अड्डे पर इंडिगो विमान के उतरने के एक मिनट से भी कम समय में एयर इंडिया का एक विमान उसी हवाई पट्टी से उड़ान भरने लगा। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मामले की जांच नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीजीसीए ने शनिवार को घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को निलंबित कर दिया है, जबकि इंडिगो ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

#### एसटीसीओ को हटा दिया गया

एक ही रनवे पर एक विमान के उतरने और दूसरे विमान के उड़ान भरने का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया है। डीजीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हम जांच कर रहे हैं और घटना में शामिल एटीसीओ को पहले ही ड्यूटी से हटा दिया गया है।' मुंबई हवाई अड्डा एकल रनवे पर संचालित होता है, जिसमें दो क्रॉसिंग रनवे हैं।

#### एक रनवे पर प्रति घंटे 46 विमान उड़ते व उतरते हैं

मुंबई हवाई अड्डे के एक रनवे आरडब्ल्यू27 पर प्रति घंटे लगभग 46 आगमन और प्रस्थान होते हैं। इंडिगो ने बयान में कहा, 'आठ जून को इंदौर से इंडिगो की उड़ान 6ई 6053 को मुंबई हवाई अड्डे पर एटीसी द्वारा उतरने की मंजूरी दी गई। प्रभारी पायलट ने एप्रोच और लैंडिंग जारी रखी और एटीसी के निर्देशों का पालन किया।'

*नियमों का पालन नहीं किया गया :*

*भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक सूत्र ने कहा कि नियम के अनुसार, प्रस्थान करने वाले विमानों को हवाई पट्टी के अंत को पार करना होता है या मोड़ लेना होता है, जिसके बाद ही एटीसी आने वाले विमानों के लिए उतरने की मंजूरी जारी कर सकता है। उन्होंने कहा, 'कथित रूप से इस मामले में इन नियमों का पालन नहीं किया गया।'*

# आसुस को भारत के पीसी बाजार में दिखे बड़े अवसर

एजेंसी ▶▶| ताइपे



- भारत का पर्सनल कंप्यूटर बाजार बाकी दुनिया से बेहतर
- भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच 10 से 11 फीसदी

भारत का पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है और लोगों तक उपकरणों की कम पहुंच ताइवान की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी आसुस के लिए वृद्धि का अच्छा अवसर दे रही है। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह बात कही है। ताइवानी पीसी विनिर्माता ने भारतीय बाजार में सकारात्मक वृद्धि देखी है।

आसुस इंडिया के उपभोक्ता और गेमिंग पीसी के उपाध्यक्ष अर्नोल्ड सु ने बताया, 'भारत में प्रति घर पीसी की पहुंच करीब 10 से 11 प्रतिशत है। इसका मतलब है कि करीब 90 प्रतिशत भारतीय घरों में अभी भी पीसी नहीं है, जिसका मतलब है कि यह हमारे लिए बहुत अच्छा अवसर है।'सु ने कहा कि आसुस भारत में निवेश जारी रखे हुए है और अपने उत्पाद को पूरे देश में उपलब्ध करा रहा है। /"... अगर आप आज भारत में देखें, तो 750 जिलों में से हम लगभग 450 जिलों तक पहुंच बना चुके हैं।/ एशिया-प्रशांत पीसी कारोबार इकाई के लिए आसुस के महाप्रबंधक पीटर चांग ने बताया कि कोविड महामारी के बाद, कंपनी को वैश्विक स्तर पर और भारत में पीसी की मांग में बहुत सकारात्मक संकेत नहीं मिले हैं। चांग ने कहा, /"बहुत जल्द ही बाजार सामान्य हो जाएगा। इसके अलावा, मुझे लगता है कि भारत का पीसी बाजार बाकी दुनिया से बेहतर है।/"

दोनों खंड में मांग में कमी के कारण जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में भारतीय बाजार में पर्सनल कंप्यूटर की बिक्री सालाना आधार पर लगभग 30 प्रतिशत घटकर 29.92 लाख इकाई रह गई।

#### मार्च 2022 के तिमाही में 83 लाख इकाई भेजी गई

इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) वर्ल्डवाइड क्वार्टरली पर्सनल कंप्यूटिंग डिवाइस ट्रैकर के अनुसार, मार्च 2022 तिमाही में भारत में 42.82 लाख पीसी इकाई भेजी गईं।

# अविनाश ट्विन सिटी में नए एक्सटेंशन की भव्य लांचिंग

- अविनाश ट्विन सिटी में 400 से अधिक नए प्लॉट्स उपलब्ध



**रायपुर।** रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनी अविनाश ग्रुप ने अपने मेगा प्रोजेक्ट 'अविनाश ट्विन सिटी' में नए एक्सटेंशन की भव्य लांचिंग 9 जून, रविवार को की। इस अवसर पर अविनाश ग्रुप के चेयरमैन अरुण सिंघानिया, डायरेक्टर ट्विन सिटी विजय अग्रवाल, डायरेक्टर सुनील अग्रवाल, सीनियर जीएम सेल्स विपिन झा, ट्विन सिटी सेल्स हेड डी राघवेंद्र कृष्ण और अविनाश ग्रुप के स्टाफ सहित कस्टमर्स उपस्थित थे।

अविनाश ट्विन सिटी में 400 से अधिक नए प्लॉट्स उपलब्ध है। जो उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय स्थानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। यह प्रोजेक्ट संभावित खरीदारों को व्यापक विकल्प प्रदान करता है, जिससे वे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार सही प्लॉट चुन सकते हैं। यह प्रोजेक्ट कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित है, जो रायपुर और भिलाई के बीच के केंद्र में है। बता दें कि अविनाश ट्विन सिटी केवल एक आवासीय परियोजना नहीं है, बल्कि यह एक पूर्ण विकसित टाउनशिप है जो आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है, जिसमें हरे-भरे बागान, मनोरंजन क्षेत्र, खेल के मैदान और सामुदायिक हॉल शामिल हैं। यह संरचना उच्चतम गुणवत्ता के साथ डिजाइन की गई है, जिसमें सुचारू सड़कों, प्रभावी जल आपूर्ति, विश्वसनीय बिजली और व्यापक सुरक्षा उपाय शामिल हैं ताकि निवासियों को सुरक्षित और आरामदायक जीवनयापन सुनिश्चित हो सके।

### नालंदा कैपिटल ने थर्मैक्स में 1.2% हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** सिंगापुर स्थित नालंदा कैपिटल ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिये ऊर्जा एवं पर्यावरण समाधान प्रदाता थर्मैक्स में अपनी 1.2 प्रतिशत हिस्सेदारी 765 करोड़ रुपये में बेच दी। नालंदा इंडिया इक्विटी फंड लिमिटेड के जरिये बीएसई पर थर्मैक्स के शेयरों को बेचा।

# वैश्विक संकेत शेयर बाजारों को देंगे दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अमेरिका में ब्याज दर व घरेलू मुद्रास्फीति तय करेंगे बाजार की चाल

अमेरिका में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले, घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और वैश्विक रुझान इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जाहिर की। पिछले सप्ताह आम चुनाव के नतीजों और आरबीआई नीति समीक्षा के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार मजबूत लाभ के साथ बंद हुए, लेकिन उससे पहले भारी गिरावट भी हुई। बीते सप्ताह में, बीएसई सेंसेक्स 2,732.05 अंक या 3.69 प्रतिशत बढ़ा, जबकि निफ्टी 759.45 अंक या 3.37 प्रतिशत चढ़ा। शुक्रवार को दिन के कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिश उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।


*फेड के फैसले का पड़ेगा असर:*

*मास्टर कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा ने कहा कि बाजार का परिदृश्य प्रमुख घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा। उन्होंने कहा कि भारत में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति, चीन में सीपीआई मुद्रास्फीति, ब्रिटेन में जीडीपी के आंकड़े, अमेरिका में सीपीआई के आंकड़े और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से बाजार की आगामी दिशा तय होगी।*

SHIVA EMBROCATION OIL
असली घोड़ा छाप तेल
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
नकली माल से सावधान
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

# कुछ बैंकों की स्पेशल एफडी स्कीम जून में होगी खत्म

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



देश के कई बड़े बैंकों ने अपने ग्राहकों के लिए स्पेशल एफडी स्कीम लांच किया है। इन स्कीम्स में निवेश करके आप फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम पर तगड़ा रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन उनमें से कई स्कीम्स की डेडलाइन 30 जून 2024 को खत्म हो रही है।

आईडीबीआई बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए उत्सव फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम (एफडी) की शुरुआत की है। इस स्कीम में सामान्य के साथ-साथ सीनियर सिटीजन भी निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम की अवधि 300 दिनों की है। 300 दिन की इस स्पेशल एफडी स्कीम पर ग्राहकों को 7.05 फीसदी और सीनियर सिटीजन को 7.55 फीसदी ब्याज दर का लाभ मिल रहा है।

#### आईडीबीआई बैंक की स्पेशल एफडी स्कीम

आईडीबीआई बैंक के वहीं 375 दिन की स्पेशल एफडी स्कीम पर सामान्य ग्राहकों को 7.10 फीसदी और सीनियर सिटीजन को 7.70 फीसदी स्पेशल एफडी स्कीम का लाभ मिल रहा है। वहीं 444 दिन की स्पेशल एफडी स्कीम पर बैंक सामान्य ग्राहकों को 7.20 फीसदी और वरिष्ठ नागरिकों को 7.70 फीसदी ब्याज दर का लाभ दे रही है। इस स्कीम की डेडलाइन 30 जून 2024 को खत्म हो रही है।

#### इंडियन बैंक की स्पेशल एफडी स्कीम

आईडीबीआई बैंक के अलावा इंडियन बैंक भी अपने ग्राहकों के लिए 300 और 400 दिन की स्पेशल एफडी स्कीम लेकर आया है। इंडिया सुपर 300 डे की स्पेशल एफडी स्कीम सामान्य ग्राहकों को 7.05 फीसदी और सीनियर सिटीजन को 7.55 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। सुपर सीनियर सिटीजन को 7.80 फीसदी ब्याज दर ऑफर किया जा रहा है। वहीं इंड सुपर 400 डे की स्पेशल एफडी स्कीम पर बैंक सामान्य ग्राहकों, सीनियर सिटीजन और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.25 फीसदी, 7.75 फीसदी और 8 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहा है। बैंक की इस स्पेशल एफडी की डेडलाइन 30 जून 2024 को खत्म हो रही है।

हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania11@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

फैंस में गजब का उत्साह








क्रिकेट : टी-20 इंटरनेशनल में भारत ने बचाया सबसे छोटा स्कोर

# भारत की टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर 7वीं जीत, बुमराह-अर्शदीप बने हीरो

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए के वर्षा से प्रभावित कम स्कोर वाले मैच में रविवार को यहां जोरदार वापसी करते हुए पाकिस्तान को छह रन से हराया। भारत के मात्र 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना सकी। टी-20 इंटरनेशनल में भारत ने यह सबसे छोटा टोटल डिफेंड किया है। टी-20 विश्व कप के आठ मुकाबलों में भारत की यह पाकिस्तान पर सातवीं और वनडे-टी-20 विश्व कप को मिलाकर 16 मुकाबलों में भारत की पाकिस्तान पर यह 15वीं जीत है। पाकिस्तान की यह टी20 विश्व कप 2024 में लगातार दूसरी हार है।

भारत इससे पहले नसीम शाह (21 रन पर तीन विकेट) और हारिस राउफ (21 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 19 ओवर में 119 रन पर सिमट गया। मोहम्मद आमिर ने 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि शाहीन शाह अफरीदी (29 रन पर एक विकेट) ने एक विकेट चटकाया। भारत की ओर से पंत ने 31 गेंद में छह चौकों की मदद से सर्वाधिक 42 रन बनाए। उनके अलावा अक्षर पटेल (20) और कप्तान रोहित शर्मा (13) ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए। भारत ने अंतिम सात विकेट सिर्फ 30 रन जोड़कर गंवाए।




## कोहली पाक के खिलाफ पहली बार आउट

विराट (4) ने नसीम की पहली गेंद पर चौका लगाकर दिखाया कि वह फिर पाकिस्तान को निशाना बनाने जा रहे हैं, लेकिन इसी ओवर में वह गेंद को प्वाइंट के ऊपर नहीं भेज पाए और कैच कर लिए गए। इससे पहले वह टी-20 विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ 78*, 36*, 55*, 57 और 82* रन की पारियां खेल चुके हैं। यह दूसरा मौका है जब टी-20 विश्वकप में वह पाकिस्तान के खिलाफ आउट हुए। तीसरे ओवर में रोहित (13) शाहीन पर पहले ओवर जैसा छक्का लगाने के प्रयास में आउट हो गए।

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का राउफ बो शाहीन | 13 | 12 | 1 | 1 |
| कोहली का उस्मान बो नसीम | 04 | 03 | 1 | 0 |
| पंत का बाबर बो आमिर | 42 | 31 | 6 | 0 |
| अक्षर पटेल बो नसीम | 20 | 18 | 2 | 1 |
| सूर्य का आमिर बो राउफ | 07 | 08 | 1 | 0 |
| शिवम दुबे का एवं बो नसीम | 03 | 09 | 0 | 0 |
| पंड्या का इफ्तिखार बो राउफ | 07 | 12 | 1 | 0 |
| जडेजा का इमाद बो आमिर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 09 | 13 | 1 | 0 |
| बुमराह का इमाद बो राउफ | 00 | 01 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 07 | 07 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 19 ओवर में 119/10

गेंदबाजी : शाहीन 4-0-29-1, नसीम 4-0-21-3, आमिर 4-0-23-2, , इफ्तिखार 1-0-7-0, वसीम 3-0-17-0, राउफ 3-0-21-3.

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिजवान बो बुमराह | 31 | 44 | 1 | 1 |
| आजम का सूर्य बो बुमराह | 13 | 10 | 2 | 0 |
| उस्मान पगबाधा बो अक्षर | 13 | 15 | 1 | 0 |
| फखर जमां का पंत बो पंड्या | 13 | 08 | 1 | 1 |
| वसीम का पंत बो अर्शदीप | 15 | 23 | 1 | 0 |
| शादाब का पंत बो पंड्या | 04 | 07 | 0 | 0 |
| इफ्तिखार का अर्शदीप बो बुमराह | 05 | 09 | 0 | 0 |
| शाहीन शाह अफरीदी नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| नसीम शाह नाबाद | 10 | 04 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 113/7

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-31-1, सिराज 4-0-19-0, बुमराह 4-0-14-3, पंड्या 4-0-24-2, जडेजा 2-0-10-0, अक्षर 2-0-11-1.

## आखिरी ओवर का रोमांच

आखिरी ओवर में भारत के लिए अर्शदीप सिंह गेंदबाजी के लिए आए। वहीं, इमाद वसीम और नसीम शाह क्रीज पर थे। पहली गेंद पर गेंद विकेटकीपर पंत के पास गई। इसके बाद पंत ने कैच आउट की अपील की। अंपायर ने नॉटआउट दिया तो कप्तान ने रिव्यू लिया। गेंद इमाद के बल्ले से लगकर गई थी। ऐसे में इमाद पहली ही गेंद पर आउट हो गए। दूसरी गेंद पर नसीम शाह ने एक रन लिया। तीसरी गेंद पर अर्शदीप की गेंद शाहीन के पैर पर लगी। उन्होंने एक रन लिया। चौथी गेंद पर नसीम शाह ने स्कूप किया और चार रन बटोरे। पांचवीं गेंद पर नसीम ने फिर चार रन बटोरे। ऐसे में आखिरी गेंद पर पाकिस्तान को आठ रन की जरूरत थी। आखिरी गेंद पर नसीम ने एक रन लिया और भारतीय टीम ने छह रन से जीत हासिल की।

# पहली बार कोई टीम 200 रन पार

एजेंसी ⏭ ब्रिजटाउन


ऑस्ट्रेलिया ने बनाए 201 रन, इंग्लैंड को 36 रन से हराया

ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान और गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर टी20 विश्व कप में अपने चिर प्रतिद्वंदी इंग्लैंड को 36 रन से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 201 रन बनाए जो वर्तमान विश्व कप में किसी टीम का अभी तक सर्वोच्च स्कोर है। इंग्लैंड की टीम इसके जवाब में 6 विकेट पर 165 रन ही बना पाई। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार दूसरी जीत है जिससे वह ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया है। इंग्लैंड को अभी पहली जीत का इंतजार है। उसे अब ओमान और नामीबिया का सामना करना है जबकि स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के कारण उसे अंक बांटने पड़े थे।




## ऑस्ट्रेलिया ने खेला आक्रामक क्रिकेट

पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद डेविड वार्नर (16 गेंद पर 39 रन) और ट्रेविस हेड (18 गेंद पर 34 रन) ने पहले 5 ओवर में 70 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को आक्रामक शुरुआत दिलाई। इन दोनों के चार रन के अंदर पवेलियन लौट जाने के बाद कप्तान मिशेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल ने जिम्मेदारी संभाली। मार्श ने 25 गेंद पर 35 रन बनाए। मैक्सवेल ने 25 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 28 रन बनाए। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस ने 17 गेंद पर 30 और पैट कमिंस ने 10 गेंद पर नाबाद 17 रन बनाकर उपयोगी योगदान दिया।



## पूजा यूएफसी में जीत दर्ज करने वाली पहली भारतीय

**केंटकी।** पूजा तोमर अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप में जीत दर्ज करने वाली भारत की पहली मिश्रित मार्शल आर्ट फाइटर बन गई है। पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता में भाग ले रही पूजा ने यूएफसी लुइसविले में शनिवार को स्ट्रॉवेट (52 किग्रा) मुकाबले में ब्राजील की रेयान डॉस सैंटोस पर 30-27, 27-30, 29-28 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की। पूजा ने मुकाबले के बाद कहा, 'यह केवल मेरी जीत नहीं है। यह भारत के सभी प्रशंसकों और भारतीय फाइटर की जीत है। इससे पहले सभी सोचा करते थे कि भारतीय फाइटर चुनौती पेश नहीं कर सकते हैं।

134 रन से जीता वेस्टइंडीज
5 विकेट अकील ने झटके

# 39 रन के सबसे न्यूनतम स्कोर पर युगांडा आउट

**प्रोविडेंस।** बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन के पांच विकेट की मदद से वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में युगांडा को 134 रन से करारी शिकस्त दी। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 173 रन बनाए जिसके जवाब में युगांडा 12 ओवर में 39 रन बनाकर आउट हो गया। हुसैन ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 11 रन देकर 5 विकेट लिए। युगांडा ने पुरुष टी20 विश्व कप में न्यूनतम स्कोर की बराबरी की।



## चार्ल्स, रसेल का तूफान

*इससे पहले जॉनसन चार्ल्स (44) ने वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए जबकि आंद्रे रसेल ने 30 रन की आक्रामक नाबाद पारी खेली। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 22 रन, कप्तान रोवमैन पावेल ने 23 और शेरफन रदरफोर्ड ने 22 रन का योगदान दिया।*

## 3.574 पर पहुंचा नेट रन रेट

वेस्टइंडीज ने इस बड़ी जीत से अपना नेट रन रेट 3.574 पर पहुंचा दिया है जिससे उसे ग्रुप सी में शीर्ष पर जगह बनाने में मदद मिलेगी। वेस्टइंडीज के कप्तान पावेल ने मैच के बाद कहा, 'यहां से आगे का रास्ता कड़ा हो जाएगा लेकिन हम परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं। हम प्रत्येक मैच में 10 से 15 प्रतिशत सुधार करने पर बात करते हैं। पहले मैच में हम अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए हम एक टीम के रूप में सुधार करना चाहते थे।'

## खबर संक्षेप




### सुमित नागल ने जीता नेकारकप चैलेंजर

**हीलब्रॉन।** भारत के शीर्ष रैंक के एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने रविवार को यहां स्विट्जरलैंड के अलेक्जेंडर रिट्सचर्ड को हराकर नेकारकप एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता को जीत लिया। नागल ने तीन सेट तक चले मुकाबले को 6-1, 7-6(7-5), 6-3 से अपने नाम कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को प्रबल कर लिया। वह इस जीत के बाद सोमवार को जारी होने वाली एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 80 में प्रवेश कर जाएंगे। इस जीत से 26 साल के खिलाड़ी ने इंडियन वेल्स मास्टर्स और मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह पक्की कर ली।

### गुरप्रीत भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान नियुक्त

**दोहा।** भारत की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू को रविवार को यहां कतर के खिलाफ 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत मंगलवार को यहां के जसीम बिन हमद स्टेडियम में मेजबान कतर से खेलेगा। भारतीय टीम मैच के लिए शनिवार रात दोहा पहुंची। टीम इस मैच को जीतकर विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे चरण में पहली बार प्रवेश का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रो लीग में लगातार आठवीं हार

एजेंसी ⏭ लंदन

भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग में कड़े मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हार गई जिससे टीम की हार का सिलसिला आठ मैचों तक पहुंच गया। इस तरह से भारत ने अपने प्रो लीग सत्र का अंत घरेलू टीम के खिलाफ दिल तोड़ने वाली हार के साथ किया।



मैच में अधिकतर समय तक अच्छा प्रदर्शन करने के बाद भारत को अंतिम लम्हों में ग्रेस बाल्डसन (56वें और 58वें मिनट) के दो गोल के कारण हार का सामना करना पड़ा। भारत के खिलाफ दो फैसले लिए गए जिसमें एक वीडियो रिव्यू भी शामिल है जिससे कोच हरेंद्र सिंह निराश हो गए।

# राजनांदगांव की सीसीपीएल में पहली जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अभिमन्यु ने तोड़ा बिलासपुर का चक्रव्यूह
- पैंथर्स ने 9 विकेट से जीता मैच

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमीयर लीग के तीसरे दिन रविवार को शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में राजनांदगांव पैंथर्स तथा बिलासपुर बुल्स के बीच मैच खेला गया, जिसमें बिलासपुर को हार का सामना करना पड़ा। राजनांदगांव पैंथर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर बुल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाए। बुल्स के अभिजित ताह ने सर्वाधिक 35 रन तथा मोहित राउत ने 30 रनों का योगदान दिया।






वहीं पैंथर्स की ओर से धनंजय यादव और अजय मंडल ने 2-2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनांदगांव पैंथर्स निर्धारित 13.5 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 149 रन बनाकर मैच जीत लिया। पैंथर्स की ओर से अभिमन्यु सिंह ने 41 गेंदों में शानदार 76 रन व आशीष डहरीया ने 36 गेंदों में 57 रन बनाए। वहीं बिलासपुर बुल्स की ओर से रुद्रप्रताप ने 1 विकेट प्राप्त किए।

### मैच के पुरस्कार

प्लेयर ऑफ द मैच : अभिमन्यु सिंह
मोस्ट सिक्सेस : आशीष डहरीया
सुपर स्ट्रायकर : मोहित राउत
परफेक्ट कैच : प्रतिक यादव

## एफसी गोवा से जुड़े डिफेंडर आकाश

**मडगांव।** एफसी गोवा ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल सत्र के लिए भारतीय डिफेंडर आकाश सांगवान को अपने साथ जोड़ा है। क्लब ने रविवार को इसकी घोषणा की। क्लब ने उनके अनुबंध की सही अवधि का खुलासा नहीं किया है लेकिन यह कई वर्ष का करार होगा। हरियाणा के 28 वर्षीय लेफ्ट बैक सांगवान ने 2017 में क्लब के साथ अपने सीनियर पेशेवर पदार्पण से पहले मिनर्वा पंजाब के साथ अपनी फुटबॉल यात्रा शुरू की। उन्होंने 2017-18 सत्र में टीम को आईलीग खिताब जीतने में मदद की। वह 2022 में दो बार के पूर्व आईएसएल चैंपियन चेन्नईयिन एफसी में शामिल होने से पहले चर्चिल ब्रदर्स और राउंडग्लास पंजाब के लिए खेल चुके हैं।


फ्रेंच ओपन: 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से जीता मैच

# कार्लोस अल्काराज रोलां गैरां के नए बादशाह

एजेंसी ⏭ न्यूयॉर्क

पेरिस। कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां फ्रेंच ओपन पुरुष एकल फाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। स्पेन के तीसरे वरीय अल्कारेज ने चौथे वरीय ज्वेरेव को चार घंटे और 19 मिनट चले मुकाबले में 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

ज्वेरेव के खिलाफ 10 मैच में यह अल्काराज की पांचवीं जीत है। इक्कीस साल के अल्काराज अपने देश के दिग्गज रफेल नडाल को रोलां गैरो पर 14 ट्रॉफी जीतते हुए देखते हुए बड़े हुए हैं और अब वह नडाल को पछाड़कर तीन सतहों पर मेजर चैंपियनशिप जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। जब नडाल ने यह कारनामा किया था तब उनकी उम्र अल्काराज से लगभग डेढ़ साल अधिक थी।



## टॉप-3 में से कोई नहीं

यह 2004 के बाद पहला फ्रेंच ओपन फाइनल है जिसमें नडाल, नोवाक जोकोविच या रोजर फेडरर तीनों में से कोई भी नहीं खेल रहा था। दो हफ्ते पहले नडाल पहले दौर में ज्वेरेव के खिलाफ हार गए थे जबकि तीन बार के चैंपियन जोकोविच ने घुटने की चोट के कारण क्वार्टर फाइनल मुकाबले से पूर्व हट गए। फेडरर संन्यास ले चुके हैं।

## गॉफ-सिनियाकोवा फ्रेंच ओपन चैंपियन




कोको गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के साथ मिलकर अपना पहला महिला युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली 20 साल की अमेरिका की गॉफ और चेक गणराज्य की सिनियाकोवा ने जैस्मिन पाओलिनी और सारा इरानी की इटली की जोड़ी को सीधे सेट में 7-6, 6-3 से हराया।


### अरेवालो-पाविच ने जीता पुरुष युगल खिताब

*अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। अरेवालो और पाविच ने शनिवार को खेले गए फाइनल में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की। पाविच ने इस तरह से चारों ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतने का रिकॉर्ड भी बनाया।*

# सौरभ ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में जीते दो स्वर्ण पदक

एजेंसी ⏭ हमीरपुर

भारतीय धावक सौरभ शर्मा ने स्विट्जरलैंड के नोट्टविल सिटी में आयोजित विश्व पैरा एथलीट ग्रां प्री में दो स्वर्ण पदक जीते। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के इस खिलाड़ी ने टी12 वर्ग में 155 मीटर और 5000 मीटर दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया। वह इससे पहले राष्ट्रीय स्तर पर सात स्वर्ण पदक जीत चुके है। रूप खायाह गांव के निवासी सौरभ के बड़े भाई विकास ने बताया, 'सौरभ ने छोटी उम्र से ही अपने खेल का सफर शुरू कर दिया था और आज उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व करने और देश के लिए पदक जीतने का अपना सपना भी पूरा कर लिया है।' सौरभ वर्तमान में देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण



संस्थान में अध्ययनरत हैं। शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन पर उनके कोच नरेश सिंह नयाल ने खुशी जताते हुए कहा कि सौरभ ने देहरादून में कड़ी मेहनत की है और अब नतीजे सामने है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com